14 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 234


पाकुड़, चाइबासा और गोड्डा के जेएमएम जिला समितियों का गठन, आदेश जारी





FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची

हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता

जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे

संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


# अहमदाबाद विमान हादसा: ब्लैक बॉक्स मिला, खुलेगा राज

## ■ 270 शव अस्पताल पहुंचे, डीएनए टेस्ट जारी
## ■ एक-एक कर परिजनों को सौंपे जा रहे शव
## ■ प्रधानमंत्री पहुंचे अहमदाबाद, लिया स्थल का जायजा
## ■ एनआइए समेत सात एजेंसियां जांच करने में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआइ-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। ब्लैक बॉ्कस की जांच के बाद जल्द ही हादसे के कारण का खुलासा हो सकेगा। हादसे की जांच में एनआइए समेत सात एजेंसियां शामिल हैं। इस बीच शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का दौरा किया। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के परिजनों से मुलाकात की। अस्पताल में हादसे में बचे एक मृतक यात्री से मिले। उधर, अब तक 270 लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार यात्री और क्रू मेंबर्स थे, जबकि पांच मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। इसके अलावा अन्य शवों की पहचान जारी है। शव इस कदर जले हुए हैं कि उनकी पहचान मुश्किल है। अस्पताल में डीएन टेस्ट के जरिये शवों की पहचान की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद एक-एक कर शव को उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है। अस्पताल के बाहर मृतक के परिजनों का तांता लगा हुआ है।



**एअर इंडिया की बोइंग 787 हुआ था क्रैश:** बताते चलें कि एअर इंडिया की बोइंग 787 ड्रीमलाइनर फ्लाइट एआइ-171 ने गुरुवार दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री और 12 क्रब मेंबर सवार थे। दो मिनट बाद ही फ्लाइट क्रैश हो गयी। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात थे। मृतकों में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जबकि सिर्फ एक यात्री की जान बची है। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा। वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। चार एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत हुई है, जबकि हॉस्टल से 45 से ज्यादा स्टूडेंट्स को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा कुछ अन्य लोगों की मौत हुई, जिनकी पहचान जारी है।

**क्रैश साइट पर दिन भर शवों की तलाश जारी:** अहमदाबाद पुलिस शुक्रवार को स्निफर डॉग लेकर क्रैश साइट पर पहुंची। ताकि मलबे में दबे किसी और जीवित व्यक्ति की तलाश की जा सके। इसके अलावा एनएसजी की टीम भी पहुंची। प्लेन हादसे की जांच के लिए नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआइए), गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच, यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन को शामिल किया गया है।

**डीजीसीए ने एयर इंडिया को विमानों की जांच का दिया आदेश:** एयर इंडिया की फ्लाइट एआइ-171 के क्रैश के बाद डीजीसीए ने बोइंग 787-8/9 विमानों की सख्त सुरक्षा जांच के आदेश दिये हैं। 15 जून 2025 से सभी फ्लाइट की एक बार की विशेष जांच की जायेगी, जिसमें फ्यूल, हाइड्रोलिक, इंजन कंट्रोल, एयर कंप्रेसर और टेकऑफ पैरामीटर की जांच शामिल है। ट्रांजिट जांच में 'फ्लाइट कंट्रोल इंस्पेक्शन' भी अनिवार्य किया गया है। दो हफ्तों में पावर एश्योरेंस चेक अनिवार्य होंगे। और बीते 15 दिनों की तकनीकी खराबियों की समीक्षा के आधार पर मरम्मत पूरी की जाएगी। जांच रिपोर्ट डीजीसीए को जमा करनी होगी।

## जांच में ब्लैक बॉक्स का अहम रोल

किसी भी विमान हादसे की जांच में ब्लैक बॉक्स सबसे अहम रोल निभाता है। विमान हादसे के बाद जांच एजेंसियां सबसे पहले मलबे में ब्लैक बॉक्स की ही तलाश करती हैं, जिससे हादसे की वजह का पता चल सके। ब्लैक बॉक्स चमकीले ऑरेन्ज कलर की बेहद खास डिवाइस होती है। इसका रंग ऐसा इस वजह से होता है, जिससे मलबे में इसे आसानी से ढूंढा जा सके। यह एक तरह का रिकॉर्डर होता है, जो विमान की हर गतिविधि को रिकॉर्ड करता है। ये रिकॉर्डर मजबूत केसिंग से बंद होते हैं, जिन पर किसी तरह के विस्फोट, आग या पानी का असर नहीं पड़ता है और बड़े से बड़े हादसे में भी ब्लैक बॉक्स के अंदर रिकॉर्ड हुआ डेटा सुरक्षित रहता है। इसके दो हिस्से होते हैं। पहला, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और दूसरा, कॉकपिट वॉइस रिकॉर्ड (सीवीआर)। इन दोनों हिस्सों को मिलाकर ही ब्लैक बॉक्स बनता है। इन दोनों हिस्सों में सबकुछ रिकॉर्ड होता है, जिससे हादसे की वजह का पता चलता। गुरुवाह को अहमदाबाद हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स खोज निकाला गया है। ब्लैक बॉक्स के मिलने से जांच में तेजी तो आयेगी ही, साथ ही यह भी पता चलेगा कि यह हादसा किस वजह से हुआ। जैसे-तकनीकी खराबी, इंजन फेल होने से, पक्षी टकराने से, विमान में आग लगने से या किसी मानवीय त्रुटि के कारण।

### ऑरेंज रंग का होता है ब्लैक बॉक्स




## तबाही का मंजर बेहद दुखद : मोदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद वे सिविल अस्पताल गये, जहां वे करीब 10 मिनट पीड़ितों से मिले। वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के पत्नी से मिले, उन्हें संत्वाना दी। साथ ही अहमदाबाद एयरपोर्ट पर अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक भी की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि 'आज अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। तबाही का मंजर बेहद दुखद है। राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों और अधिकारियों से मुलाकात की, जो लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस त्रासदी में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। इस विमान दुर्घटना से हम सभी बेहद दुखी और स्तब्ध हैं। इतने लोगों की अचानक और दिल तोड़ देने वाली मौत को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं, पीएम ने लिखा कि पीएम ने लिखा कि विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं।

## विश्वास ने पीएम से कहा, मुझे लगा कि मैं भी मरने वाला हूं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल में मुलाकात की। मोदी ने विश्वास कुमार से उस भयावह मंजर के बारे में पूछा। विश्वास कुमार ने कहा कि सब मेरी नजरों के सामने हुआ। खुद को भी विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकल गया। कुछ देर के लिए तो मुझे लगा कि मैं भी मरने वाला हूं। लेकिन जब आंख खुली तो मैंने पाया कि मैं जिंदा हूं। उसके बाद मैंने सीट बेल्ट खोली और ट्राई किया कि मैं निकल सकता हूं।



फिर मैं निकल गया। मेरी आंखों के सामने विमान में मौजूद एयर हॉस्टेस, आंटी-अंकल सभी मिस हो गए। बताते चलें कि गुरुवार को अहमदाबा में हुई प्लेन बादसे में केवल एक भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार जिंदा बचे हैं।

## मृतकों को भारतीय टीम ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम ने एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांध कर उतरे।

# इजराइल ने इरान पर किया एयर स्ट्राइक, चार न्यूक्लियर साइट्स तबाह

- हमले में इरान के 20 टॉप कमांडर मारे गये
- इजराइली पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की
- डोनाल्ड ट्रंप ने इरान को दी धमकी

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह इरान पर एयर स्ट्राइक की जिसमें 20 टॉप कमांडर मारे गये हैं। इनमें आर्मी और एयरफोर्स चीफ भी शामिल हैं। इजराइल ने सुबह 200 फाइटर जेट्स से छह ठिकानों पर हमला किया था। इसमें चार परमाणु ठिकाने और दो मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद इरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराये। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इरान से जारी संघर्ष के बीच इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की।

**इरान के आइआरजीसी कमांडर की मौत :** इरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गयी है। हमले में इरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गये हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में इरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गये हैं। इस बीच, इरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिये बिना नहीं जाने देगी।

**नेतन्याहू ने तीन शीर्ष नेताओं से बात की:** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार शाम पीएम मोदी से फोन पर बात की है। इस दौरान उन्होंने मोदी को हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू ने इरान पर हमले के बाद 3 देशों के शीर्ष नेताओं से बात की है। इनमें पीएम मोदी के अलावा जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से बात की।

**इजराइली हमले में नतांज फैसिलिटी को बड़ा नुकसान :** इजराइली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने इरान के नतांज इलाके में मौजूद उसके सबसे बड़े यूरेनियम फैसिलिटी पर रात के समय हमला किया। इस हमले में सेंटर के उस हिस्से पर भी असर पड़ा जो जमीन के नीचे बना हुआ था। यहां यूरेनियम शुद्ध करने वाली मशीनें (सेंट्रीफ्यूज), बिजली से जुड़े कमरे और बाकी जरूरी तकनीकी ढांचा था।

**इरानी राष्ट्रपति बोले, इजराइल को पछताना पड़ेगा :** इरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि इजराइल ने इरान के एटमी और मिलिट्री ठिकानों पर हमला करके बहुत बड़ी गलती है। उन्हें अब इसके लिए पछताना होगा। इरान इस अपराध के सामने चुप नहीं रहेगा।



### एयरोस्पेस कमांडर की मौत की इरान ने की पुष्टि

इरान ने रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के एयरोस्पेस कमांडर मेजर जनरल अमीराली हाजीजादेह और उनके साथी अधिकारियों के मारे जाने की पुष्टि की है। आइआरजीसी ने कहा कि ये सभी कमांड सेंटर पर हुए इजराइली हमले में मारे गये। इरान के पश्चिमी इलाके करमानशाह में एक गोदाम में आग लग गई है। यह गोदाम इराक की सीमा के पास जमीन के नीचे बना हुआ था। यहां बैलिस्टिक मिसाइलें रखी गयी थीं।

### इजराइल बोला, लंबी कार्रवाई के लिए तैयार

इजराइली सेना ने कहा कि वह इरान में अपने सैन्य हमले जारी रखे हुए है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने कहा कि आइडीएफ इजराइल के खिलाफ खतरों को नाकाम कर रही है। हमें एक लंबी सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। जब तक ऑपरेशन के लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते, हम पीछे नहीं हटेंगे।

# अगर परमाणु डील नहीं की तो और भयानक हमले होंगे : ट्रंप

**वाशिंगटन।** इजराइल की तरफ से किये गये हमले में इरान को भारी नुकसान हुआ है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। ट्रंप ने एक बार फिर इरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इजराइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमलों के



बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात को रोका जा सकता है। अगली हमले की योजना पहले से ही बनायी जा चुकी है और वे पहले से कहीं ज्यादा क्रूर होंगे। वहीं, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि इरान पर इजराइल का हमला बहुत शानदार था। उन्होंने कहा कि इरान को एक मौका दिया गया था, लेकिन उसने उसका फायदा नहीं उठाया। ट्रंप ने कहा कि इरान को बहुत जोरदार झटका मिला है लेकिन अभी और भी बहुत कुछ होना बाकी है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत के लिए बोइंग विमानों के इस्तेमाल पर विचार करना जरूरी

## ■ अहमदाबाद हादसे ने अमेरिकी कंपनी के विमानों की खामियों पर उठाया सवाल

## ■ दुनिया भर में अब तक बोइंग विमानों के छह हजार से अधिक हादसे हो चुके हैं

**अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआइ-171 (बोइंग 787-8) टेकऑफ के दो मिनट बाद मेघानीनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में विमान पर सवार 241 लोगों के अलावा 24 अन्य लोग भी मारे गये, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और कुछ ट्रेनी डॉक्टर भी शामिल हैं। इस हादसे ने जहां भारत के विमानन सुरक्षा मानकों पर फिर सवाल खड़े कर दिये हैं, वहीं वाणिज्यिक विमान बनानेवाली अमेरिका की कंपनी बोइंग के विमानों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। अहमदाबाद हादसे की शुरुआती जांच में विमान के लैंडिंग गियर की खराबी और कॉन्फिगरेशन एरर को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। विमानन विशेषज्ञों के अनुसार पायलट त्रुटि, तकनीकी खराबी और मौसम की मार (43 डिग्री सेल्सियस का तापमान) भी हादसे के लिए जिम्मेदार हो सकती है। लेकिन इन तमाम खामियों के बीच से एक सवाल यह पैदा होता है कि आखिर बोइंग विमान ही बार-बार ऐसे हादसों के शिकार क्यों होते हैं। 1916 में स्थापित इस अमेरिकी कंपनी द्वारा निर्मित विमानों को दुनिया भर में खरीदा जाता है। अब तक छह हजार से अधिक बोइंग विमान हादसों के शिकार हो चुके हैं। ऐसे में क्या अहमदाबाद हादसे के बाद यह सवाल नहीं उठता है कि भारतीय विमानन उद्योग को अब बोइंग विमानों से छुटकारा पा लेना चाहिए। क्या है बोइंग विमानों की सुरक्षा खामियां और भारतीय विमानन उद्योग में इसका कितना महत्व है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

आजकल हवाई यात्रा सुरक्षित मानी जाती है, लेकिन हाल के दिनों में बोइंग विमानों को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। खासकर बोइंग 737 मैक्स जैसे मॉडलों में तकनीकी खामियों की शिकायतें सामने आयी हैं, जिसके कारण इसके अपने कर्मचारी भी इन विमानों में यात्रा करने से कतराते हैं। हाल ही में खबरें आयी हैं कि बोइंग के कई कर्मचारी, जो इन विमानों के पुर्जे बनाते हैं, खुद इनमें यात्रा करने से बचते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन विमानों के फ्यूजलेज (विमान का मुख्य ढांचा) में गंभीर खामियां पायी गयी हैं। उदाहरण के लिए, एक रिपोर्ट के मुताबिक, बोइंग 737 मैक्स 9 के फ्यूजलेज में दरारें और कमजोर जोड़ पाये गये, जो हजारों उड़ानों के बाद विमान को तोड़ सकते हैं। 2024 में अलास्का एयरलाइंस के एक विमान में मिड-एयर फ्यूजलेज ब्लोआउट की घटना ने इस खतरे को उजागर किया, जिसमें सौभाग्य से कोई बड़ी हानि नहीं हुई। हाल के दिनों में बोइंग की गुणवत्ता नियंत्रण में कमी के कारण इसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कंपनी के कर्मचारी इस बात से चिंतित हैं कि अगर वे खुद इन विमानों में नहीं बैठना चाहते, तो आम यात्रियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। यह सवाल विमानन उद्योग में गंभीर बहस का विषय बन गया है।

12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है। यह हादसा बोइंग विमान के फ्यूजलेज में खामियों और रखरखाव की कमी का नतीजा हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो भविष्य में और हादसे हो सकते हैं।

### तुलना और सबक

बोइंग की समस्याएं केवल भारत तक सीमित नहीं हैं। अमेरिका में भी इसके खिलाफ मुकदमे और जांच चल रही है, खासकर फ्यूजलेज और डोर प्लग सिस्टम की खामियों को लेकर। भारत में डीजीसीए की सख्ती ने यह संदेश दिया है कि सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। एयर इंडिया को चाहिए कि वह अपने रखरखाव और पायलट ट्रेनिंग पर ध्यान दे, ताकि यात्रियों का भरोसा वापस जीता जा सके। बोइंग विमानों में खामियों ने हवाई यात्रा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। कर्मचारियों का डर और डीजीसीए की कार्रवाइयां इस बात का सबूत हैं कि सुधार की जरूरत है। अगर समय रहते कदम नहीं उठाये गये, तो यह न केवल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि विमानन उद्योग की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठा सकता है।

### अहमदाबाद हादसा और बोइंग

अहमदाबाद में जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह 12 साल पहले सेवा में आया। यह विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्राओं का प्रमुख माध्यम है। इस हादसे से पहले इस विमान का सुरक्षा रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। दुर्घटनाग्रस्त विमान 12 साल पहले सेवा में आया था। यह विमान हादसे का शिकार होने से पहले आठ हजार से अधिक टेक ऑफ और लैंडिंग कर चुका था। एयर इंडिया के पास ऐसे 27 विमान हैं, जिनमें से एक अब क्रैश हो चुका है। अहमदाबाद में हुए इस हादसे ने ना सिर्फ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का सुरक्षा रिकॉर्ड खराब किया है, बल्कि यह हादसा पहले से चुनौतियों में घिरी बोइंग के लिए भी मुश्किलें पैदा कर सकता है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब बोइंग का कोई विमान हादसों को लेकर खबरों में हो। 2018 और 2019 में इंडोनेशिया और इथियोपिया में बोइंग के विमान क्रैश हुए थे और सैकड़ों लोग इन हादसों में मारे गये थे। तब बोइंग 737 मैक्स हादसों का शिकार हुआ था।






### चुनौतियों से घिरी है बोइंग कंपनी

बोइंग कई साल से विवादों और परेशानियों में चल रही है। पिछले साल कंपनी को हर महीने एक अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अब इस हादसे ने जाहिर तौर पर बोइंग के लिए मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

कंपनी विमानों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों के संकट और गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े विवादों से संघर्ष कर रही है। पिछले साल कंपनी के कर्मचारियों ने सात सप्ताह तक हड़ताल की, जिसका भी भारी नुकसान कंपनी को उठाना पड़ा। पिछले साल अलास्का एयरलाइन की एक उड़ान के दौरान बोइंग के विमान का दरवाजा हवा में ही उड़ गया था। इस हादसे में विमान सुरक्षित एयरपोर्ट पर लौटने में कामयाब रहा था और किसी की जान नहीं गयी थी। लेकिन कंपनी को 16 करोड़ डॉलर का हर्जाना चुकाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बोइंग के विमान से छह हजार हादसे

अहमदाबाद से गैटविक (लंदन) जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से बोइंग को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। बोइंग के दूसरे विमानों से अब तक दुनिया भर में छह हजार से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से चार सौ से ज्यादा हादसे बेहद घातक थे। इन हादसों में नौ हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

### दो कंपनियों का वर्चस्व

दुनिया भर में विमान बनाने वाली दो ही कंपनियों का वर्चस्व है। इनमें से एक है अमेरिकी कंपनी बोइंग और दूसरी है यूरोपीय कंपनी एयरबस। यही दो कंपनियां प्रमुख रूप से वाणिज्यिक विमान बनाती हैं। यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका जैसे महाद्वीपों में बोइंग के विमानों का ही इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में दुनिया के कम से कम 150 देश इस कंपनी के विमानों का इस्तेमाल करते हैं। कंपनी की वेबसाइट पर बताया गया है कि दुनिया के कुल यात्री विमानों में से बोइंग के विमानों की संख्या 14 हजार से ज्यादा है।

### साल 1916 में हुई थी स्थापना

यह साल 1916 की बात है। विल बोइंग ने अमेरिका के सिएटल में इस कंपनी की शुरुआत की थी। साल 1933 में बोइंग ने अपने विमान का पहल सफल मॉडल 247 तैयार किया था। इस विमान ने उस समय न्यूयॉर्क-सैन फ्रांसिस्को की दूरी 19 घंटों में तय की थी। कंपनी की वेबसाइट पर दावा किया गया है कि इसके 737 मैक्स, 777 एक्स और 787 ड्रीमलाइनर पैसेंजर प्लेन का पूरी दुनिया के यात्री विमानों के 90 फीसदी हिस्से पर कब्जा है।

### 737 मैक्स की जांच में आया था यह कारण

हालांकि बोइंग विमानों से जुड़ा दुर्घटनाओं का इतिहास भी काफी लंबा है। बोइंग-737 के नये मॉडल 737 मैक्स विमानों में दो साल 2018 और 2019 में लगातार दुर्घटना का शिकार हो गये थे। इसके बाद 737 मैक्स की जांच में इसके सिस्टम में समस्या सामने आयी थी। इसका नतीजा यह हुआ कि साल 2018 और 2019 में हुए हादसों में 346 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इन हादसे के बाद बोइंग ने अपने इस विमान का संचालन रोक कर अपडेट किया और नया मॉडल 737-800 अस्तित्व में आया।

### सवालों के घेरे में रहा बोइंग 787

जहां तक बोइंग 787 विमानों की बात है, तो इससे भले ही पहले कोई दुर्घटना नहीं हुई, पर ये विमान हमेशा से सवालों के घेरे में रहे। बोइंग के इंजीनियर सैम सालेहपुर के हवाले से बताया गया है कि 787 विमान के धड़ के कुछ हिस्सों को कर्मचारियों ने जबरन लगाया था। इसको लेकर वह साल 2020 से ही खतरे का संकेत दे रहे थे। उनका दावा है कि इस मुद्दे पर बोइंग ने उन्हें चुप करा दिया था। हालांकि, अमेरिका के संघीय उड्डयन प्रशासन ने सैम सालेहपुर के आरोपों की साल 2024 में विशेष रूप से ऑडिट किया था। इसमें भी बोइंग विमान के गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा में खामी का खुलासा हुआ था। इसके अलावा बोइंग के पूर्व गुणवत्ता नियंत्रण इंजीनियर जॉन बार्नेट ने भी चेताया था कि 25 फीसदी तक ये विमान आपातकालीन मास्क उड़ान में असफल रह सकते हैं। इस पर बार्नेट को भी विरोध का सामना करना पड़ा था। साल 2024 में बार्नेट के निधन के बाद उनके परिवार वालों ने बोइंग पर केस भी दायर किया था कि कंपनी के कामों के चलते बार्नेट को मानसिक आघात लगा था। वहीं, बोइंग के ही एक और मैकेनिक रहे रिचर्ड क्यूवास ने साल 2023 में बोइंग के घटिया निर्माण का खुलासा किया था। इसके बाद उनको नौकरी से ही निकाल दिया गया था।

### बोइंग ने किया था इनकार

इन सबके बावजूद बोइंग ने इनकार किया था कि वह जान-बूझकर सुरक्षा से समझौता कर रही है। उसका दावा था कि उसके 787 विमान सुरक्षित हैं। इसके लंबे समय तक इस्तेमाल में तत्काल कोई जोखिम नहीं हैं। वैसे अब इस बड़ी दुर्घटना ने बोइंग के दावों को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

### भारत में बोइंग की मौजूदगी

जहां तक भारत में बोइंग की मौजूदगी का सवाल है, तो यहां के विमानन उद्योग में इस कंपनी की बादशाहत बरकरार है। इसका प्रमुख कारण एयरबस की तुलना में इसकी कीमत कम होना है। भारत में इस समय करीब 27 सौ नागरिक विमान हैं। इनमें से करीब दो हजार विमानों का इस्तेमाल विमानन कंपनियां करती हैं। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से 18 सौ से अधिक बोइंग विमान हैं। भारत में बोइंग विमानों का इस्तेमाल पिछले 80 सालों से हो रहा है। इस कंपनी के सात हजार कर्मी भारत में हैं। भारत का विमानन उद्योग वास्तव में बोइंग पर ही निर्भर है।

---

# पाकुड़, चाइबासा और गोड्डा के जेएमएम जिला समितियों का गठन, आदेश जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने तीन जिलों के जिला समितियों का गठन किया है। इसमें पाकुड़, पश्चिम सिंहभूम और गोड्डा जिले शामिल हैं। यह आदेश पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। पाकुड़ का जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम को उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, समद अली और पीटर मरांडी को बनाया गया है। सचिव की जिम्मेवारी माइकल मुर्मू को सौंपी गयी है। संगठन सचिव अनारुदीन मियां, मुस्लोहुद्दीन अंसारी और मुनीराम मरांडी को बनाया गया है। सहसचिव की जिम्मेवारी लाल मोहम्मद, जहूर आलम, कुणाल अल्फ्रेड हेमाम और तरुण मंडल को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष बाकुबल मुर्मू को बनाया गया है।



पश्चिम सिंहभूम जिला समिति का उपाध्यक्ष प्रेम मुंडारी और अशोक दास को बनाया गया है। संगठन सचिव की जिम्मेवारी बंद्र मोहन बिरुवा, मन्नाराम कुदादा, वृंदावन गोप और विनय प्रधान को सौंपी गयी है। सह सचिव हरिलाल करजी, कांडे तियु, मो मोजाहिद, संदेश सरदार और ज्योति सिजुई को बनाया गया है। गोड्डा जिला अध्यक्ष प्रेम नंदन कुमार को और उपाध्यक्ष मो खुर्शीद मुन्ना, मृत्युंजय सिंह, इंद्रजीत पंडित और श्याम हेंब्रम को बनाया गया है। वासुदेव सोरेन को सचिव बनाया गया है। संगठन सचिव संतोष कुमार महतो, ललित झा, मो शरीफ आलम और चंदन हेंब्रम को बनाया गया है। सहसचिव की जिम्मेवारी शिवशंकर मंडल, गुलजारी दास, अनीर हमजा और शिवम कुमार दुबे को सौंपी गयी है। कोषाध्यक्ष महेंद्र उरांव को बनाया गया है।

---

# हाइकोर्ट की डबल बेंच ने जेपीएससी पर लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट की डबल बेंच ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थी की नियुक्ति मामले में सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ दाखिल जेपीएससी की अपील खारिज कर दी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को बरकरार रखते हुए जेपीएससी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, मामला मनोज कुमार कच्छप से जुड़ा है, जिसने जेपीएससी की एक परीक्षा में भाग लिया था। लेकिन तकनीकी कारणों से जमा की गयी परीक्षा शुल्क की राशि जेपीएससी के खाते में क्रेडिट नहीं हो पायी थी। इस कारण उसके आवेदन को अमान्य मान लिया गया था। बाद में मनोज कुमार ने हाइकोर्ट की शरण ली, जहां एकल पीठ ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने कहा था कि चूंकि वह हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू में शामिल हो चुका है और परीक्षा में सर्वोच्च अंक भी प्राप्त किये हैं, इसलिए उसे नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि कुछ परीक्षाओं में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाता, ऐसे में यह तकनीकी खामी उसके अधिकार को नहीं छीन सकती।

---

### बीआइटी कैंपस में छात्र राजा पासवान की मौत का मामला

# हाइकोर्ट में बीआइटी मेसरा के कुलपति, रजिस्ट्रार और डीजीपी सशरीर हुए हाजिर

**कोर्ट ने डीजीपी को राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं की सुरक्षा को लेकर एसओपी बनाने का दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बीआइटी मेसरा परिसर के छात्र राजा पासवान की मौत के मामले में सुनवाई हुई। मामले में शुक्रवार को कोर्ट के आदेश के आलोक में बीआइटी मेसरा, रांची के कुलपति, रजिस्ट्रार, डायरेक्टर के अलावा डीजीपी अनुराग गुप्ता सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने उक्त घटना को रोकने में विफलता पर बीआइटी मेसरा प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की, कहा कि यह घटना बीआइटी मेसरा प्रबंधन की सुरक्षा में चूक बताता है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने डीजीपी को झारखंड के शैक्षणिक संस्थाओं में सुरक्षा के मद्देनजर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाने का निर्देश दिया है। वहीं बीआइटी मेसरा प्रबंधन को अगली सुनवाई में छात्र राजा पासवान की मौत मामले में की गयी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 जून को होगी। मामले में आरोपी मौसम कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, इरफान अंसारी एवं साहिल अंसारी की जमानत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित हो गया है एवं 12 आरोपियों के खिलाफ अनुसंधान चल रहा है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। दरअसल, मृतक छात्र के शरीर पर दस चोटें थीं। यह मामला बीआइटी मेसरा पॉलिटेक्निक कॉलेज, रांची के छात्रावास के अंदर छात्रों के बीच हुए झगड़े से संबंधित है, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की मौत हो गयी। अदालत को सूचित किया गया था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के नियम 7 का उल्लंघन करते हुए, इस मामले की जांच पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा की गयी है, जबकि यह डीएसपी रैंक के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए थी।

www.epaper.azadsipahi.in

14 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 234

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अमेरिका में बिकने वाले 97 आइफोन भारत में बने, इस साल 37 हजार करोड़ के फोन भेजे गये





## हाथियों का आतंक जारी, तोड़ा घर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अभी प्रखंड क्षेत्र में दो गुरूप में हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है जहां एक और छह हाथियों झुंड खैरा पंचायत के सिमराढाव के भांजी टोला में रंजीत कुमार के चारदीवारी, पक्का मकान में रखा चावल, महुवा, विनोद महतो के घर तोडा, कटहल नष्ट, बांस और आम को नष्ट किया। वहीं खैरा गांव के बांध पर कामेश्वर महतो के चारदीवारी, अशोक महतो के दरवाजा तोड़ा। वहीं समाचार लिखे जाने तक छह हाथी खैरा जंगल में डेरा डाला हुआ है। वहीं एक हाथी जो हरदिया गांव में शिव राम मांझी का मक्का को चट कर गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के लोगों को हाथियों का भय शाम होते ही बना रहता है। जंगल में बसे आदिवासी लोगों को रात भर जग कर हाथियों का सुचना लेने में लगे रहता है।

## अवैध हथियार और गोली खरीद बिक्री करने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के बड़ा बाजार ओपी थाना क्षेत्र से अवैध हथियार और गोली खरीद बिक्री करते दो को पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें बिट्टू उर्फ मो अशरफ खान, जैन गली मंदिर निवासी और श्रीवास्तव ग्रुप के मो आरिफ खान ग्राम गोलपार, रामगढ़ शामिल हैं। इनके पास से मोबाइल, जिंदा गोली, ट्रिगर, पिस्टल का मैगजीन, पिस्टल का बॉडी, बैरल के अलावा एक लाख चालीस हजार रुपए कैश बरामद किया गया है। मो आरिफ उर्फ शेरू के घर पर छापेमारी करने पर पुलिस ने एक डायरी और एक लाख चालीस हजार रुपये बरामद किया है। डायरी में श्रीवास्तव ग्रुप के मुकेश सिंह द्वारा मो आरिफ उर्फ शेरू को हथियार खरीदने के लिए दिये गये रुपये और श्रीवास्तव ग्रुप के मेंबर को भेजे गये रुपये का लेखा जोखा तथा अकाउंट नंबर पाया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ सदर अमित आनंद, बड़ा बाजार थाना प्रभारी बिट्टू रजक, पुअनि सुधीर कुमार के अलावा जिला के क्यूआरटी टीम उर बड़ा बाजार थाना की पुलिस शामिल थी।

## नशा के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरियठ पंचायत भवन मे नशा के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने नशा को ना और जिंदगी को हा का शपथ लिया। जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया निशु कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा की जब तक समाज का हर एक व्यक्ति जागरूक होकर नशा का विरोध नहीं करेगा तब तक यह लड़ाई हम जीत नहीं सकते, इसलिए नशा के खिलाफ सबों को एकजुट होना होगा। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा की क्षेत्र नशा के बुरे दौर से गुजर रहा है। युवा का भविष्य युवा लोग ही बर्बाद कर रहा है, जब तक सामाजिक पहल नहीं होगा, पेडलर बेखौफ रहेंगे। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा की नशा के खिलाफ अब हर किसी को जागना होगा, क्योंकि जब तक आम आदमी नहीं जागेगा तब तक यह लड़ाई हम जीत नहीं सकते। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। नशा कारोबारी की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित करे, पुलिस कानूनी कार्रवाई करने से नहीं चूकेगी। मुखिया निशु कुमारी ने कहा कि हम सभी अभियान चलायेंगे कि पंचायत में कोई नशा नहीं करे, अगर कोई नशा का कारोबार करता हो तो यह धंधा छोड़ दें वरना प्रशासन को सूचित करते हुए उस पर कार्रवाई करवाया जायेगा। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की युवा नशे की गिरफ्त में हैं इन्हें बचाना होगा। मौके पर पैक्स अध्यक्ष विकास कृष्ण चंद्र, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार मेहता, पंसस प्रतिनिधि गोविन्द मेहता, सुजीत मेहता, राज्वल्लभ मेहता, हेमंत कुमार, महेंद्र मेहता, तुलसी कुमार, अनिल मेहता, हुलास मेहता समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस के द्वारा गुरुवार देर रात्रि को भगवान बागी रोड स्थित कर्बला तालाब के समीप से तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस छापामारी दल को देखते हैं सभी ट्रैक्टर के चालक अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गये। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 151/25 के तहत अज्ञात चालक और ट्रैक्टर मालिक पर मामला दर्ज किया गया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है। इस दरम्यान नदी से उठाव पर पाबंदी और किसी कीमत पर अवैध बालू उत्खनन या कारोबार करने वाले को बक्सा नहीं जायेगा। पकड़े जाने पर विधि संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल में जमादार आर एन सिंह सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## के चंद्रशेखर ने संभाला केडी परियोजना प्रमुख का कार्यभार



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने शुक्रवार को के. चंद्रशेखर का नए परियोजना प्रमुख के रूप में हार्दिक स्वागत किया। एनटीपीसी में 37 वर्षों से अधिक की गौरवशाली सेवा का अनुभव रखने वाले एक अनुभवी अधिकारी के रूप में श्री चंद्रशेखर तकनीकी विशेषज्ञता, रणनीतिक दृष्टिकोण और सहयोग और मानव संसाधन विकास पर आधारित नेतृत्व शैली के साथ परियोजना में नई ऊर्जा लेकर आये हैं। परियोजना स्थल पर आगमन पर विभागाध्यक्षों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात परियोजना के कांफ्रेंस हॉल में एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उन्हें परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों, संचालन संबंधी चुनौतियों, भविष्य के लक्ष्य और रणनीतिक प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया। उन्होंने टीमवर्क, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के महत्व पर बल देते हुए पारदर्शिता, गतिशीलता और सतत सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। श्री चंद्रशेखर ने एनटीपीसी में अपने करियर की शुरूआत 1987 में एक एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में की थी। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने बल्को, रामागुंडम, कुडगी, पकरी बरवाडीह, बादम, दुलंगा और हाल ही में पीवीयूएनएल पतरातू जैसी कई प्रमुख विद्युत और खनन परियोजनाओं में नेतृत्व की अहम भूमिकाएं निभाई हैं। वे उस्मानिया विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियर हैं और अपनी संतुलित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं जो तकनीकी कठोरता को टीम सशक्तिकरण और सतत विकास के साथ जोड़ती है। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा एनटीपीसी केरेडारी परियोजना अपार संभावनाओं से भरी हुई है। हमारी साझा प्रतिबद्धता और सहयोगात्मक भावना के साथ मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस परियोजना की पूर्ण क्षमता को प्राप्त करेंगे और प्रदर्शन के नये मानक स्थापित करेंगे। मैं आप सभी के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं।

# पुलिस ने विदेशी हथियार के साथ पांच टीएसपीसी नक्सली को दबोचा

**बीजीआर माइनिंग कंपनी के दो हाइवा को किया था आग के हवाले**

**ऑटोमैटिक अमेरिकन राइफल और मैग्जीन बरामद**



दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अमेरिका निर्मित विदेशी हथियार के साथ टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के पांच सदस्य को धर दबोचा है। जिसमें एक एरिया कमांडर प्रशांत भी शामिल है। जो ग्रुप को लीड कर रहा था। इसके ऊपर पूर्व में भी हत्या समेत कई मामले दर्ज हैं। इनके पास से पुलिस ने मेड इन अमेरिका का ऑटोमैटिक 15 एम-4 कारबाईन अमेरिकन राईफल और गोली भी बरामद किया गया। इनलोगों ने केरेडारी थानान्तर्गत पगार ओपी क्षेत्र के बीजीआर माइनिंग कंपनी के 2 हाइवा को आग लगाकर फायरिंग करते हुए कौशल के नाम से पर्चा फेक फरार हुआ था। एसपी अंजनी अंजन ने बताया की सूचना मिली थी कि तरहेसा जंगल स्थित घाटगोसाई के पास 7-8 की संख्या में प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सदस्य अवैध हथियार से लैश होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहें है। सूचना पर सदर एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टेक्निकल टीम की मदद से गठित टीम के सदस्यों के द्वारा एक विशेष सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के क्रम में तरहेसा जंगल से टीएसपीसी के एरिया कमांडर प्रशांत और उसके क्रियावदी सदस्य आदित्य गंझू, रूपलाल गंझू, देवेन गंझू और धरम गंझू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कई हथियार को बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद एसआइटी टीम का गठन कर घटना को अंजाम देने वालों की धर पकड़ शुरू की गयी थी। गठित टीम के सदस्यों के द्वारा कार्रवाई करते हुए केरेडारी थाना क्षेत्र से टीपीसी के एरिया कमांडर सहित अन्य सभी 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अवधेश कुमार उर्फ प्रशांत, पिता स्व यदु सिंह, ग्राम-डंडारकला, थाना-पॉकी, जिला-पलामू, आदित्य गंझू, पिता ध्यानी गझू ग्राम-सोरू नावाडीह, थाना लावालौंग, जिला चतरा, देवन गंझू, पिता-गुली गूझू ग्राम- सोरू नावाडीह, थाना-लावालौंग, जिला चतरा, धरम गंझू, पिता वासुदवे गूझ, ग्राम हेरूम, थाना-लावालौंग जिला चतरा और रूपलाल गंझू, पिता स्व किसुन गूझ, ग्राम-मसुरिया, थाना-कैरेडारी, जिला हजारीबाग शामिल हैं।

**बरामद :** एआर 15 एम-4 कारबाईन अमेरिकन राईफल-01 पीस, एआर 15 एम-4 कारबाईन अमेरिकन राईफल का मैग्जीन-01 पीस, 7.62 एमएम का देशी पिस्टल-01 पीस, 7.62 एमएम का देशी पिस्टल का मैग्जीन-1 पीस, देशी कट्टा-03 पीस, एआर 15 एम-4 कारबाईन अमेरिकन राईफल का जिंदा कारतूस-06 पीस 7.62 एमएम का देशी पिस्टल का जिंदा कारतूस-2 पीस, 8 एमएम का जिंदा कारतूस-06 पीस, 303 राईफल का गोली 14 पीस, मेबाइल-09 पीस, टीपीसी का पर्चा-10 पीस, चितकबरा रंग का पिठु-1 पीस और मैगजीन रखने का पाउच-1 पीस बरामद किया गया।

**टीम में :** सदर एसडीपीओ अमित आनंद , बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर बड़कागांव अनिल कुमार, पेलावल इंस्पेक्टर विनोद कुमार, पु०नि० पेलावल, दारू इंस्पेक्टर शाहिद रजा, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर, पुअनि सुर्यकान्त कुमार, पगार ओपी और कटकम दाग थाना प्रभारी पंकज कुमार के अलावा तकनीकि शाखा और नक्सल शाखा के पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे।

## विधायक ने बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

# जनता को परेशान करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा: रोशनलाल

**विधायक ने सीओ को लगायी फटकार, कहा समय पर सभी कार्यों करें, जानता है सर्वोपरि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव अंचल सह प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में घूम ही रहे थे कि ब्लॉक में आये सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपनी समस्या विधायक को सुनाने लगे। और यह निरीक्षण कार्यक्रम जनता दरबार में तब्दील हो गया। तत्पश्चात सभी ग्रामीणों ने एक-एक कर अपनी समस्या को विधायक के समक्ष रखा जिस पर सबसे ज्यादा समस्या अंचल कार्यालय का ही था। कई कार्यो का तो निष्पादन विधायक में ऑन द स्पॉट कर दिया और कई कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया है। मौके पर विधायक और रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार पर गुस्सा होते हुए कड़े शब्दों के साथ फटकार लगाया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय का ही ग्रामीणों के पास शिकायतें क्यों रहता है क्यों आप ग्रामीणों को परेशान करते हैं जो सही काम है उसे क्यों पूरा नहीं करते हैं। आगे विधायक रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार को म्यूटेशन, भूमि प्रतिवेदन, ऑनलाइन रशीद, आय प्रमाण पत्र, संबंधित विषयों पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपने कार्यों में तेजी लाएं। अनावश्यक रूप से जनता को परेशान ना करें जनता सर्वोपरि है। और जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि मैं हूं और जनता के हक अधिकार उनके कार्यों के लिए मैं किसी भी हद तक गुजर जाऊंगा। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो उसका ख्याल रखें ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा अगर होती है शिकायत आने पर किसी को बक्सा नहीं जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि बड़कागांव पूर्वी महेंद्र महतो, मंडल अध्यक्ष केरेडारी कर्मचारी साव सह सांसद प्रतिनिधि, उप प्रमुख वचन देव कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, मुखिया अनिकेत नायक, भिखन महतो, सनित महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, नरसिंग महतो, दिनेश कुमार, मुरली महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, तुलेश्वर राम, सुरेश प्रसाद दांगी, कामेश्वर महतो, पंकज शाहा, अजीत कुमार, राजा खान, शंकर मिश्रा, दिनेश महतो, घनश्याम मेहता, नारायण प्रसाद, रवि राम,विजय यादव समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली-पानी संकट के खिलाफ सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर में लगातार बढ़ रही बिजली और पानी की समस्या को लेकर आम जनता का गुस्सा शुक्रवार को सड़कों पर फूट पड़ा। खिरगांव क्षेत्र के कब्रिस्तान चौक पर सुबह 7 बजे से लेकर 11 बजे तक स्थानीय नागरिकों ने शांति समिति सदस्य मो. यासीन अंसारी के नेतृत्व में जबरदस्त प्रदर्शन किया और मुख्य सड़क को जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बाधित है और पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इससे भीषण गर्मी में आम जनजीवन बेहाल हो चुका है। लोगों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक स्थायी समाधान नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। जनप्रतिनिधियों ने भी जतायी नाराजगी इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की लापरवाही पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने बिजली कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से जवाब-तलब किया और व्यवस्था में सुधार की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे भी जनता के साथ सड़कों पर उतरेंगे। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, नियमित पेयजल की व्यवस्था बहाल की जायें, बिजली विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये, खिरगांव के रोड़ का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाये। मो. यासीन अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। प्रदर्शन में मो. असलम, शंभु ठाकुर, मो. अख्तर, गुदुर अंसारी, मो. परवेज, निसार खान, नेहाल खान, मुबारक हुसैन, शाहिद इकबाल, राजू खान समेत सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद थे।

# प्रभावित संघर्ष समिति का केटीपीएस के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जयनगर।** प्रखंड में प्रभावित संघर्ष समिति डीवीसी केटीपीएस के द्वारा मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन जारी रहा। अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवारा सांसद प्रतिनिधि मनोज साव और संचालन भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन छलावा करना बंद करें नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना झांकी है, बहुत कुछ बाकी है। उन्होंने कहा कि डीवीसी प्रबंधन विस्थापितों के साथ धोखा किया है, सरकारी आदेशानुसार 75 प्रतिशत विस्थापितों को रोजगार नहीं दिया तो आंदोलन तेज किया जायेगा। जमीन विस्थापितों का लाभ बाहरी लोगों को दिया, तो नहीं चलेगा। मांगे पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा। डीवीसी प्रबंधन शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर विस्थापित गांव को ठका जा रहा है उसका भी हिसाब देना होगा। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने कहा कि विस्थापित गांवों में शुद्ध पानी का व्यवस्था किया जाये। डीवीसी प्रबंधन विस्थापितों को छलने का काम किया है। डीवीसी का इतिहास रहा है ठगने का। वहीं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामजी यादव ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन शिक्षा, स्वास्थय, सड़क आदि विस्थापित गांवों को उपलब्ध कराया जाये। विस्थापितों को रोजगार कि गारंटी नहीं कराया तो डीवीसी प्रबंधन का हुक्का पानी बंद कर दिया जायेगा। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी, युवा नेता महेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मनोहर यादव, पंसस प्रतिनिधि भुनेश्वर यादव, सुधीर सिंह, मुरलीधर यादव, यमुना यादव, पप्पू साव विक्की राणा, संजय साव, धानेश्वर ठाकुर, सरजू यादव, विनोद यादव, मीणा साव, बाबुलाल यादव, नरेश शर्मा, गोविंद यादव, अजय यादव, दिलीप यादव, मुकेश यादव, मंटू यादव, लक्की यादव, ललित शर्मा, विजय यादव, किशोर यादव, सुनील यादव, अमित सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार पासवान, सुनील सिंह, कुंदन गुप्ता, राजु साव, सरयु शर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

## टेंडरों में अनियमितता, कांग्रेस ने उठाया सवाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इन दिनों भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारियों की मनमानी की चर्चा आम बनी हुई है। भवन निर्माण विभाग के संवेदक विभाग के पदाधिकारी की मनमानी से काफी क्षुब्ध हैं। कुछ दिन पूर्व वहां के संवेदकों ने डीसी समेत विभाग के वरीय पदाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था। कांग्रेस नेता सह कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह के नेतृत्व में एक दर्जन कांग्रेस नेता भवन निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसियों का गुस्सा फुट पड़ा। मुन्ना सिंह के नेतृत्व में पहुंचे नेताओं ने कार्यालय में जमकर खरी खोटी सुनाई। हालांकि कार्यालय से कार्यपालक अभियंता अनुपस्थित थे, जिस कारण मुलाकात नहीं हो पायी। विभाग के एसडीओ से मुन्ना सिंह ने फोन पर बातचीत की और भवन निर्माण विभाग कार्यालय में विभागीय टेंडरों में हो रही अनियमितताओं पर सवाल उठाया। मुन्ना सिंह ने कहा कि लगातार जानकारी मिल रही थी कि भवन निर्माण विभाग कार्यालय में कार्यपालक अभियंता मनमानी करते हैं। अपने चहेते संवेदक को काम देते हैं। यहां टेंडर की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है। टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और निर्माण कार्यों में मनमानी सामने आ रही है। अधिकारियों को जनहित और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। कहा की अगर सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उसके बाद मुन्ना सिंह ने उसी कार्यालय में लगाये जा रहे पेबर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कहा कि जहां पेबर ब्लॉक लगाया जा रहा है, वहां उसे लगाने का कोई औचित्य नहीं है। यह मात्र सरकारी राशि का दुरुपयोग है। अगर यहां लॉन बनाया जाता तो वो सही भी रहता। आगे कहा कि अगर जल्द सुधार नहीं किया गया तो सरकार से इसकी शिकायत की जायेगी। मौके पर कांग्रेस नेता वीरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, निसार खान, गोविंद राम, ओमप्रकाश झा, डा. प्रकाश कुमार, रितेश तिवारी, गणेश मेहता, बबलू सिंह, देव चव्हाण समेत कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डुंगो में चबुतरा निर्माण का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमर पंचायत अंतर्गत डुंगो गांव के बरगद पेड़ के पास गुरुवार को पंचायत समिति के 15वें वित्त आयोग मद से चबूतरा निर्माण का उद्घाटन प्रमुख संतोष मंडल ने पुजा अर्चना और फिता काटकर किया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सुदूर गांवों में विकास योजनाओं को सुगमता से पहुचाने का उनका प्रयास लगातार जारी है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए बहुत जल्द मुख्य सड़क से डुंगो गांव तक पक्की सड़क भी बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर गांव में अन्य किसी भी बात की समस्या है तो वे बेझिझक उसे मेरे पास रखें। मौके पर सुरेश गंझु, लखन गंझु, छक्कन गंझु, अमृत गंझु, चिलंगी गंझु, गोपाल गंझु, मंगर गंझु, नांदो गंझु, मोसोमात रूदवा, गुड़िया देवी, गीता देवी, एतवरिया देवी, सीवा देवी, सरीता देवी, उमाशंकर गंझु, दिलीप ठाकुर, बैजु गंझु सहित अन्य उपस्थित थे।

## बालू लदे ट्रैक्टर और सीओ की गाड़ी में टक्कर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बालू ढुलाई की रोक के लिए शुक्रवार की सुबह कोडरमा सदर के अंचलाधिकारी हलधर सेठी अपने दल-बल के साथ तिलैया थाना क्षेत्र के विश्रामबाग की ओर निकले ही थे कि एक बालू लदे ट्रैक्टर से उनकी वाहन टकरा गयी और वे बाल बाल बचे। मामले की जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी हलधर सेठी ने बताया कि अवैध बालू के उत्खनन और ढुलाई की रोक हेतु वे क्षेत्र में छापेमारी के लिए सरकारी वाहन से निकले थे। इसी दौरान तिलैया थाना क्षेत्र के विश्रामबाग के समीप दूसरी ओर से बालू लदा एक ट्रैक्टर आ रहा था। जैसे जी उसने हमारी गाड़ी को आते देखा, वह चलते ट्रैक्टर से कूद कर भाग गया। उक्त ट्रैक्टर हमारे वाहन की ओर बढ़ा और अचानक से धक्का मार दिया। इसके बाद भी ट्रैक्टर की गति जारी रही और हमारा वाहन पीछे की ओर ढुलने लगा। इसी बीच मेरे वाहन में बैठे होमगार्ड के जवान रवि कुमार ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी से नीचे कूदा और उक्त ट्रैक्टर के ब्रेक को अपने हाथों से दबाते हुए उसे रोका और उसका इंजन बंद किया। इस टक्कर में हमारे वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और वे बाल बाल बचे। इसके पश्चात उक्त ट्रैक्टर सहित दो अन्य बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर तिलैया थाने लाया गया। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बालू माफियाओं को सख्त हिदायत दी है कि वे बालू के अवैध उत्खनन और ढुलाई बंद करें अथवा कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस अधिक्षक से मिले महेश प्रसाद, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने जिले के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से मिलकर उन्हें बधाई दिया है साथ ही पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान इन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को जिले के नये पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा जिसमें पचड़ा पंचायत को पगार ओ पी से हटाकर केरेडारी थाना में जोड़ने और मनातू पंचायत को पगार ओ पी में शामिल करने का अनुरोध किया है। चूंकि कोल माइनिंग क्षेत्र होने के कारण पचड़ा से पगार (पांडु) ओ पी बहुत ही दूरी होने के कारण परेशानियां का सामना करना पड़ता है। पचड़ा से बुकरु होकर पुनः जोरदाग, चट्टी बरियातू, पगार, बालेदेवरी होते हुए बी जी आर कैम्प परिसर पांडु जाना पड़ता है जिसकी दूरी लगभग 15 से 20 किलो मीटर पड़ता है और यह ओ पी पगार के नाम से जाना जाता है। जब की मनातू पंचायत (पाण्डु) पगार की दुरी अधिकतम पांच किलो मीटर पड़ता है। जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव और जिला मुखिया संघ के महासचिव सह पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने बारीकी से बताते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से पचड़ा पंचायत को केरेडारी थाना और मनातू पंचायत को पगार ओ पी में शामिल करने का आग्रह किया। वहीं हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर पचड़ा पंचायत में डीएमएफटी और अबुआ आवास, पीएम आवास, अम्बेडकर आवास, मनरेगा योजना और अन्य सभी योजनाओं को अविलंब चालू करने का आदेश निर्गत करने का आग्रह किया गया। सीसीएल महाप्रबंध आम्रपाली, चंद्रगुप्त द्वारा दी गयी अनापत्ति पत्र की कांपी भी सौंपी गयी, मिलने वालों में मुखिया महेश प्रसाद साव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व वार्ड सदस्य तेजो साव, शिवशंकर महतो, चंद्रनाथ महतो शामिल थे।

## अधिवक्ताओं के बीच छाता का वितरण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को लगभग 600 अधिवक्ताओं के बीच भीषण गर्मी और आने वाले बरसात को देखते हुए छाता का वितरण किया गया। जिसका उद्घाटन संघ के महासचिव सीताराम द्वारा संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल को पहला छाता देकर किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल और महासचिव सीताराम ने संयुक्त रूप से कहा कि जिला अधिवक्ता संघ अपने अधिवक्ताओं के हर सुख दुख का ख्याल रखता है, इसी आलोक में पिछले दिनों कार्यकारिणी की बैठक में आए प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ के सभी अधिवक्ताओं के बीच भीषण गर्मी व बरसात को देखते हुए छाता का वितरण किया जाये। जिसके आलोक में अधिवक्ताओं के बीच छाता का वितरण किया गया। छाता वितरण को लेकर अधिवक्ताओं में हर्ष एवं खुशी का माहौल देखा गया। संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, संयुक्त सचिव शंभू प्रसाद, कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो, लाइब्रेरियन शंभू नाथ तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, द्वारिका महतो, राजेंद्र महतो, मीनू कुमारी, टीकंदर महतो, वरीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह, गुलाब चंद्र अग्रवाल, चंद्रिका सिंह, महेंद्र महतो, दीपक रंजन, नौशाद अहमद, झलक देव महतो, जितेंद्र महतो, प्रवीण कुमार, राजकुमार गुप्ता, आशुतोष कुमार, निमेष कुमार, अरविंद गुप्ता, कैलाश कुमार, सुरेश महतो, संतोष उपाध्याय, रेशम लाल, अनुज गुप्ता, उज्वल सिंह, ओम कुमार आदि उपस्थित थे।

# भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में नकाबपोश अपराधियों ने की फायरिंग

**क्षेत्र में दहशत का माहौल**
**जांच में जुटी पुलिस**

सुदामा सिंह

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर ओपी से महज कुछ ही दूरी पर भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में शुक्रवार की सुबह नकाबपोश अपराधियों ने फायरिंग कर खौफ का माहौल बना दिया। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार दो अपराधी साइडिंग पहुंचे। जिसमें एक बाहर खड़ा रहा, वहीं दूसरा अपराधकर्मी गेट से अंदर घुसते ही ऑफिस की ओर फायरिंग करने लगा। इस दौरान ऑफिस में बैठे साइडिंग इंचार्ज भोला यादव बाल-बाल बचे। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच पांच खोखा बरामद किया है। वहीं दबी जुबान से चर्चा है कि उक्त घटना को रंगदारी वसूली के लिए अंजाम दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंच पतरातू एसडीपीओ गौरभ गोस्वामी, इंस्पेक्टर, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रम्हवत कुमार जांच में जुट गये। एसडीपीओ गौरभ गोस्वामी ने कहा अपराधी कितने भी शातिर क्यों न हो पुलिस के चंगुल से बच नहीं सकती।






## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, मनरेगा, वृद्धा पेंशन, विकलांग ट्राई साइकल, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य से संबंधित,समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार मे मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियम संगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।


**चक्रधरपुर मंडल के तहत जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए प्रतिस्पर्धात्मक, दो पैकेट, खुली निविदा प्रणाली के जरिए ई-निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. एवं निविदा सूचना सं.; कार्य का नाम: (1) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-आर2-आरओयू-25, दिनांक 12.06.2025;** राउरकेला स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर ए.एच. व्हीलर (एमपीएस) तथा पार्सल कार्यालय के निकट जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) सं. आर/2 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(2) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-आर3-आरओयू-25, दिनांक 12.06.2025;** राउरकेला स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर पानी की बूथ सं. 5 तथा दुग्ध स्टॉल के बीच पुरानी वर्तमान स्टॉल अवसंरचना के स्थान पर जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) सं. आर/3 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(3) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-आर7-आरओयू-25, दिनांक 12.06.2025;** राउरकेला स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर पोल सं. 54 एवं 55 के बीच जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल)/महिला सं. आर/7 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(4) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-आर8-आरओयू-25, दिनांक 12.06.2025;** राउरकेला स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर पोल सं. 63 एवं 64 के बीच जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल)/महिला सं. आर/8 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(5) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-आर9-आरओयू-25, दिनांक 12.06.2025;** राउरकेला स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर पोल सं. 72 एवं 73 के बीच (झारसुगुड़ा छोर) जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल)/महिला सं. आर/9 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(6) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-टी1-टाटा-25, दिनांक 12.06.2025;** टाटानगर स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 1 पर अद्वैता आश्रम बुक स्टॉल तथा सर्वोदय बुक स्टॉल के बीच जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) सं. टी/1 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(7) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-टी7-टाटा-25, दिनांक 12.06.2025;** टाटानगर स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर खंभा सं. 2 एवं 3 के बीच जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) सं. टी/7 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(8) सीओएमएमएल.7-सीएटीजी-टी8-टाटा-25, दिनांक 12.06.2025;** टाटानगर स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर खंभा सं. 8 एवं 9 के बीच जनरल माइनर यूनिट (चाय स्टॉल) सं. टी/8 में 5 वर्षों की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। •बोलीदाताओं से परिपूर्ण जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है। • निविदा से संबंधित आगे की संशोधनी, संयोजनी, शुद्धिपत्र, विस्तार, स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, सिर्फ ऊपर उल्लखित वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। नवीनतम जानकारी हासिल करने के लिए बोलीदातागण नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें। • **निविदा दस्तावेज जारी करने की तारीख:** क्रमांक 1 से 5 के लिए दिनांक 10.06.2025 तथा क्रमांक 6 से 8 के लिए दिनांक 11.06.2025 • **ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** क्रमांक 1 से 5 के लिए दिनांक 02.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक तथा क्रमांक 6 से 8 के लिए दिनांक 04.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तक। • **निविदा खुलने की तारीख :** क्रमांक 1 से 5 के लिए दिनांक 02.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे तथा क्रमांक 6 से 8 के लिए दिनांक 04.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।

(PR-269) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# झारखंड से पंजाब तक हो रही थी डोडा की तस्करी, पुलिस ने दो को पकड़ा

**जब्त 128 किलो डोडा की**
**अनुमानित कीमत 10 लाख**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड से पंजाब तक नशीला पदार्थ डोडा की तस्करी हो रही थी। रामगढ़ पुलिस ने तस्करों की योजना को विफल कर दिया। मांडू थाना क्षेत्र में 128 किलो डोडा लदा एक मिनी ट्रक पकड़ा गया है। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि एनएच 33 से होकर डोडा लदा एक ट्रक हजारीबाग की तरफ जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मांडू क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान पुलिस ने संदिग्ध मिनी ट्रक पीबी 13 बीएफ 8675 को रोका। साथ ही चालक और खलासी को गिरफ्तार किया।



**आठ बोरियों में भरकर 128 किलो डोडा छुपाया गया था**

एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान ट्रक चालक सह मालिक परमैल सिंह गिल को पकड़ा गया। वह पंजाब राज्य के लुधियाना जिला अंतर्गत डूगरी गांव का रहने वाला है। उसके साथ खलासी रेशम सिंह भी मौजूद था। उन दोनों ने बताया कि ट्रक में केमिकल के पीछे आठ बोरियों में भरकर 128 किलोग्राम डोडा छुपाया गया था। उक्त ट्रक पर डोडा चूर्ण जमशेदपुर जिले के चौका से लादा गया था।

**जब्त डोडा का बाजार मूल्य लगभग 10 लाख:** जब्त डोडा का बाजार मूल्य लगभग 10 लाख बताया जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो 125 बोरा केमिकल पाउडर भी बरामद किया गया है। इसके अलावा ड्राइवर के पास से 50,800 रुपये भी जब्त किये गये हैं। पुलिस को उस ट्रक से अन्य सामान और दस्तावेज मिले हैं।

**टीम में ये थे शामिल:** छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, एएसआई सुरेंद्र सोय के अलावा थाना के रिजर्व गार्ड और चालक शामिल थे।

## सड़क हादसे में घायल चपरासी से मिलने पहुंचे एसपी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ से हजारीबाग जाने के क्रम में एसपी कार्यालय में पदस्थापित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी पिंकू राम गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के सैमफोर्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। एक हफ्ते तक कोमा में रहने के बाद शुक्रवार को उन्हें होश आया। रामगढ़ एसपी अजय कुमार पिंकू राम का हाल जानने के लिए सैनफोर्ड अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बेहतर इलाज कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि वह एक सिपाही के साथ हजारीबाग जा रहे थे और रास्ते में ही उनका एक्सीडेंट हो गया। इस हादसे में उनके सिर और हाथ में गंभीर छोटे आयी थी। कंधे का बड़ा ऑपरेशन किया गया है। साथ ही सिर में लगी चोट का भी इलाज जारी है। अभी तक लगभग 5 लाख से अधिक रकम इलाज में खर्च हो चुके है। उनके इलाज के लिए पुलिस विभाग के लोग व्यक्तिगत तौर पर भी सहायता कर रहे हैं।

## पतरातू में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कि और से प्रखंड मुख्यालय के सभागार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार ने ब्लड डोनेट कर किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के लिए सभी लोगों को ब्लड डोनेशन करना चाहिए। ब्लड डोनेट करने से कई बीमारियों से भी बचा जा सकता है। इसलिए सभी लोगों को समय-समय पर ब्लड डोनेट करना चाहिए। ब्लड कलेक्शन ब्लड बैंक सदर हॉस्पिटल रामगढ़ के डॉ रेणु कुमारी, गुलाबी कुमारी, अजीत कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। कैंप को सफल बनाने में एएनएम रिंकी कुमारी सुधा कुमारी रेखा चौधरी निहारिका एका प्रवीण कुमार आदि ने सहयोग किया।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना मामले में भाजपा नेता जगेश्वर प्रजापति ने जताया दुःख



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भीषण विमान दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह विमान दुर्घटना पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इस हादसे में कई भारतीय और विदेशी नागरिकों सहित 242 लोगों की जान चली गयी। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि इस हादसे ने कई परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है। यह बेहद दर्दनाक घटना में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपानी समेत तमाम लोग इस दुर्घटना का शिकार हुए। उन्होंने इस घटना की गहन जांच की मांग की है। ऐसी त्रासदियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। वहीं, भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह, मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, दशरथ प्रसाद केशरी, परमेश्वर केशरी समेत कई भाजपाईयों ने विमान घटना पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।


**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 3056 date 13.03.2025, I, JITENDRA KUMAR, S/O- SUKHDEW MAHTO, aged about 27 years, by faith - Hindu, by occupation - Agriculture, by Nationality- Indian, Resident of Vill-Terpa, PO- Terpa, PS- Patrtu, Distt.- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly and declare as undar :- 1. That my actual and correct name JITENDRA KUMAR has been mentioned in UID card bearing uid no. 3196 5875 8337. 3. That my name BHAGLU MAHTO which has been mentioned in my passbook of UCO Bank Patratu branch bearing A/C no. 09160100009377. 4. That my name JITENDRA KUMAR and BHUGLU MAHTO both names are same and single person ie. My name. 5. That my name JITENDRA KUMAR in place of BHUGLU MAHTO in my UCO Bank account Patratu.



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्रम संख्या -2949, दिनांक -06/06/2025 के अनुसार, मैं बदमिया देवी पति -सरयू साव, ग्राम-पथरा खुर्द, पोस्ट - झरगड़ा, थाना -हुसैनाबाद, जिला-पलामू, राज्य- झारखंड, एतद् द्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करती हूं। 1. यह की मैं बदमिया देवी,पति का नाम- सरयू साव, पता ग्राम - पथरा खुर्द ,पोस्ट - झड़गड़ा, थाना - हुसैनाबाद ,जिला- पलामू की स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरी आधार कार्ड संख्या 679246157378 में मेरा नाम बदमिया देवी है। 3. यह कि जब मैं अपना अंगूठा का निशान लगाती हूं तो किसी अन्य महिला का नाम आ जा रहा है। 4. यह की सुधार व आधार अपडेट करने हेतु दिया जा रहा हैं।
5. मेरे उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है।


# उपायुक्त की अध्यक्षता में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, विभिन्न आयोगों तथा लोकायुक्त में लंबित वादों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गयी और उनके शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त कीर्तिश्री ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित वादों की समयबद्ध ढंग से प्रतिवेदन प्रस्तुत करें औश्र अदालती आदेशों का त्वरित अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय शिथिलता के कारण न्यायालय में सरकार की छवि प्रभावित होती है, अतः सभी संबंधित अधिकारी उत्तरदायित्व का निर्वहन गंभीरता से करें। बैठक के दौरान वादों की अद्यतन स्थिति, विभागीय जवाब दाखिल करने की प्रक्रिया, अदालती समय सीमा तथा वादों के त्वरित निष्पादन के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहुर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।





देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in



रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.अ-21052025-263270
CG-DL-E-21052025-263270
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 उप-खण्ड (ii)
PART II-Section3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2193] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 20, 2025/वैशाख 30, 1947
No. 2193] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 20, 2025/VAISAKHA 30, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 20 मई, 2025**

**का.आ. 2247(अ).** — केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के खूंटी जिले के गाँव- दरंगकेल, नगड़ा, सरदुल्ला, तिमली, तीगा, बमरजा, बरवादाग, बकसपुर, मेहाँ, मुरूचकेल, रोलागुटू, काटमकुकू, कच्चाबारी, कोने, कुदा, कुदा टोली, कुर्से, कुलहुटू, लप्पा, लोधमा, गारी, गँड़के, गुसा टोली, जरिया, जलंगा, चाँदापारा, टिमड़ा, तालुक-कर्रा मे NH-143D के कि.मी. 103.756 से कि.मी.146.800 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, खुँटी को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के खूंटी जिले के गाँव- दरंगकेल, नगड़ा, सरदुल्ला, तिमली, तीगा, बमरजा, बरवादाग, बकसपुर, मेहाँ, मुरूचकेल, रोलागुटू, काटमकुकू, कच्चाबारी, कोने, कुदा, कुदा टोली, कुर्से, कुलहुटू, लप्पा, लोधमा, गारी, गँड़के, गुसा टोली, जरिया, जलंगा, चाँदापारा, टिमड़ा ,तालुक-कर्रा मे NH-143D के कि.मी. 103.756 से कि.मी. 146.800 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

[फा.स. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a/3A]
अभय जैन, निदेशक

जिलाः खूंटी
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 20.05.2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोटः- इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


### डीसी ने की जिला पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर शिविर लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला पंचायती राज विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिला पंचायती पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने पंचायती राज विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी बैठक में शामिल पदाधिकारियों को दी।

**15 से 30 जून तक योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश:** जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान डीसी ने अभियान के तहत 15 से 30 जून तक योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के अलावे शिविर का आयोजन कर लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों के पंचायत भवनों में किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



**बीडीओ अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत सचिवों के साथ बैठक करें :** डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना को प्रभावी बनाने को कहा। डिजिटल पंचायत के प्रभावी संचालन को लेकर सभी बीडीओ को अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत सचिवों के साथ बैठक करने का निर्देश दिये।

**लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें :** 15 वें वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में डीसी ने टाइड और अनटाइड फंड के तहत ली गयी योजनाओं और पूर्ण किये गये कार्यों की जानकारी भी उन्होंने ली। लंबित कार्यों को उन्होंने जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। पंचायत ज्ञान केंद्र पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य योजनाओं की भी उन्होंने बैठक के दौरान समीक्षा की।

# विमान हादसे का सच जांच बतायेगी

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे की असल वजह क्या रही, यह जांच का विषय है। इसमें कई दिन और महीने तक लग सकते हैं। अभी राहत और बचाव पर फोकस है। घायलों को सर्वश्रेष्ठ इलाज मिले और मरने वालों की जल्द से जल्द पहचान की जाये।

**सबसे भयावहः** हादसे का शिकार हुए बोइंग 787 में 242 यात्री सवार थे। यह इस सदी का सबसे भयावह भारतीय विमान हादसा है। मई 2010 में मंगलुरू में एयर इंडिया की एक्सप्रेस फ्लाइट 812 क्रैश हुई थी, जिसमें 158 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इसके बाद 2020 के कोझिकोड क्रैश को अपवाद माना जाए, तो पिछले लगभग डेढ़ दशक इंडियन एविएशन इंडस्ट्री के लिए शानदार गुजरे।

**ड्रीमलाइनर पर सवालः** अहमदाबाद हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग का ड्रीमलाइनर था। कंपनी ने इस सीरीज का पहला विमान 2011 में जापान की एयरवेज को दिया था और फिलहाल दुनियाभर में 1100 से अधिक ड्रीमलाइनर उड़ान भर रहे हैं। इस विमान के साथ हुई यह पहली बड़ी दुर्घटना है, लेकिन यह भी सच है कि बोइंग ड्रीमलाइनर को लेकर कुछ सवाल उठाए जाते रहे हैं। कंपनी के एक इंजीनियर ने अमेरिका में सरकारी जांच के दौरान एक टेक्निकल फॉल्ट की ओर ध्यान दिलाया था। तब कंपनी ने आरोपों को खारिज कर दिया था।

**अहमदाबाद हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग का ड्रीमलाइनर था। कंपनी ने इस सीरीज का पहला विमान 2011 में जापान की एयरवेज को दिया था और फिलहाल दुनियाभर में 1100 से अधिक ड्रीमलाइनर उड़ान भर रहे हैं।**

**साख पर आंचः** इस हादसे और इससे पहले के गुणवत्ता से जुड़े विवाद की वजह से बोइंग की छवि पर जरूर आंच आएगी। इसका एक असर तो तुरंत ही कंपनी के शेयरों में गिरावट के रूप में दिख गया। लेकिन, इससे लंबे वक्त में बोइंग की साख को भी धक्का लगा है। इस महीने की शुरूआत में ही रिपोर्ट्स आई थीं कि एयर इंडिया अपने बेड़े को बढ़ाने के लिए एयरबस और बोइंग के साथ 200 विमानों की डील कर सकती है। इससे पहले, 2023 में एयर इंडिया ने रेकॉर्ड 470 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया था।

**ताकि भरोसा बना रहेः** भारत दुनिया का चौथा बड़ा एविएशन मार्केट है। केंद्र की वऊअठ योजना के तहत छोटे शहरों को भी हवाई मार्ग से जोड़ा जा रहा है। पिछले एक दशक में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो चुकी है और डोमेस्टिक एयर ट्रैवल में इस साल अप्रैल में 10.2% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी। पिछले साल ही, 17 नवंबर को देश के विमानन क्षेत्र ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब एक दिन में पांच लाख से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। सरकार और एविएशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को ख्याल रखना होगा कि इस हादसे की वजह से लोगों का भरोसा कम न हो।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

खूंटी जिला मुख्यालय से तोरपा पहुंच कर तपकारा होते हुए चंचला घाघ पहुंचा जा सकता है। यह स्थल तोरपा प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी दूर है। तोरपा से तपकारा तथा वहां से कोचा गांव होते हुए चंचला घाघ तक पहुंचा जा सकता हैं। चंचला घाघ पिकनिक स्पॉट निजी वाहन से जा सकते हैं। यहां का दृश्य काफी मनोहारी है। चंचला घाघ में नदी, चट्टान, झरने और दूर-दूर तक फैले बालू के मैदान के साथ यहां की वादियां सैलानियों को आकर्षित करती है। शांत बह कर आती कारो नदी जहां चार किमी तक छोटे-छोटे चट्टानों से टकराकर चंचल हो जाती है। छोटे-छोटे कई झरनों के स्वरूप में बदल जाती है। इसी कारण इसका नाम चंचला घाघ पड़ा।

# बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल हैं चंचला घाघ और जिलिंगसिरिंग हिल



**डॉ मोहम्मद जाकिर**

खूंटी जिले में पर्यटन स्थलों की भरमार है। जिला मुख्यालय से हर दिशा में कुछ किलोमीटर की दूरी पर चले जायें, कोई न कोई मनोरम स्थल अपनी ओर आकर्षित करता है। पहाड़ी और वनों से आच्छादित होने के कारण यहां की मनोरम छटा निराली है। इस जिले में दो बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है - चंचला घाघ और जिलिंगसिरिंग हिल।

## चंचला घाघ

खूंटी जिला मुख्यालय से तोरपा पहुंच कर तपकारा होते हुए चंचला घाघ पहुंचा जा सकता है। यह स्थल तोरपा प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी दूर है। तोरपा से तपकारा तथा वहां से कोचा गांव होते हुए चंचला घाघ तक पहुंचा जा सकता हैं। चंचला घाघ पिकनिक स्पॉट निजी वाहन से जा सकते हैं।

यहां का दृश्य काफी मनोहारी है। चंचला घाघ में नदी, चट्टान, झरने और दूर-दूर तक फैले बालू के मैदान के साथ यहां की वादियां सैलानियों को आकर्षित करती है। शांत बह कर आती कारो नदी जहां चार किमी तक छोटे-छोटे चट्टानों से टकरा कर चंचल हो जाती है। छोटे-छोटे कई झरनों के स्वरूप में बदल जाती है। इसी कारण इसका नाम चंचला घाघ पड़ा। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद इस इलाके में उग्रवाद कम हुआ। यहां लोग पिकनिक मनाने और घूमने आने लगे। कारो नदी में स्थित चंचला घाघ प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। हरे भरे जंगल के बीच कल-कल कर बहते नदी का पानी इसकी सुंदरता को बढ़ाता है। नदी के बीच तथा किनारों पर स्थित पत्थर एवं बालू के टीले इसकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। इन पत्थर व बालू पर बैठ कर लोग यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हैं। नदी में गहराई नहीं होने से यह जगह पिकनिक मनाने वालों के लिए सुरक्षित भी है। 14वें वित्त आयोग के अनुशंसा पर चंचला घाघ का सुंदरीकरण किया गया। यहां सैलानियों को बैठने के लिए कई सीमेंट की बेंच का निर्माण कराया गया है, जिस पर बैठ कर कर सैलानी चंचला घाघ के मनोरम दृश्य का आनंद ले सकते हैं। यहां पर एक शेड का भी निर्माण कराया गया है। भोजन करने के लिए गोल चबूतरा, बच्चों के खेलने के लिए बालू का टीला, नदी के बीच सुन्दर पेड़, ऊपरी छोर पर कल-कल करता झरना, नहाने के लिए सुरक्षित स्वीमिग पूल जैसा तालाब है। नदी के बीचोंबीच सुंदर धान कूटने वाला गड्ढा, जिसे मुंडारी में सेहेल कहा जाता है, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसी के नाम पर इस गांव का नाम सेहेलदाग पड़ा है। नदी के दूसरे किनारे पर बड़े-बड़े पेड़ों में बड़ी संख्या में लटकते चमगादड़ को देखने के लिए भी सैलानी यहां पहुंचते हैं।

**पिकनिक मनाने के लिए जिलिंगसिरिंग हिल और उसकी तलहटी काफी बेहतर जगह है।**

इस जलप्रपात के अगल-बगल में फैले जंगलों का संरक्षण और संवर्द्धन ग्राम सभा के द्वारा किया जाता है। महिलाएं इस जलप्रपात का संचालन करतीं हैं। साफ-सफाई का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। चंचला घाघ के बगल स्थित जंगल में मिनी पार्क बनाने की योजना चल रही है। जिला परिषद के फंड से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है।

बालू नदी के फेफड़े की तरह होते हैं। चंचला घाघ परिसर में बालू का भंडार है। मानो किसी समुद्र के तट पर हों। इस गांव के सीमा क्षेत्र में नदी का प्रबंधन ग्राम सभा के माध्यम से किया जाता है। यहां से बालू न तो बाहर के लोग और न ही गांव के लोग ले सकते हैं। यही कारण है कि यहां गर्मी के दिनों में नदी में पानी रहता है। चंचला घाघ की खूबसूरती बढ़ती है।

## जिलिंगसिरिंग हिल

रांची मुख्यालय से करीब 85 किमी की दूरी पर स्थित है जिलिंगसिरिंग हिल। पिकनिक मनाने और सुकून के पल बिताने के लिए जिलिंगसिरिंग हिल और उसकी तलहटी काफी बेहतर जगह है। नदी से पहाड़ की ऊंचाई करीब 400 फीट होगी।

रांची से तोरपा पहुंच कर मुख्य चौक स्थित हनुमान मंदिर के रास्ते तपकरा होते हुए लोहाजिमी गांव चार पहिया और दो पहिया वाहन से कारो नदी जा सकते है। कुछ दूर पैदल ही तय करना होता है। कारो नदी की जलधारा यहां हरे-भरे पेड़ों की बीच से गुजरती छोटे-बड़े चट्टानों से होकर गुजरती है। दूर से आती जलधारा की कल कल करती आवाज मन मोह लेती है। इसकी मनमोहक दृश्य को देखने हर साल सैकड़ों पर्यटक रांची एवं आसपास के अलावा राज्य के अलग-अलग जिले से लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। चारों ओर दूर-दूर तक फैले हरे-भरे पेड़ों के बीच से जब सूरज की रोशनी जमीन पर पड़ती है। वह बेहद मनमोहक लगता है. पथरीली नदी होने के कारण सावधानी बरतने की जरूरत है। पहाड़ी इलाका एवं चारों ओर घना जंगल होने के कारण शाम ढलने से पहले पर्यटकों को लौट जाना चाहिए। अगर नदी की जलधारा में तेज बहाव है, तो पर्यटकों को नदी के किनारे पर ही पिकनिक मनाना चाहिए। प्रकृति की गोद में पूरा दिन परिवार के साथ यहां आनंद लिया जा सकता है। जिलिंगसिरिंग हिल से देखने पर यहां का खूबसूरत नजारा किसी हिल स्टेशन का अहसास कराता है। कारो नदी से करीब 3 किलोमीटर आगे जाने पर जिलिंगसिरिंग गांव जाने के लिए कच्चा रास्ता में 4 किलोमीटर उपर जाने पर पहाड़ मिलता है। रास्ते में अक्सर हाथियों का एक झुंड विशाल बरगद पेड़ के पास रहते हैं। गांव से करीब 200 फीट की ऊंचाई पर बड़े-बड़े चट्टानों को पर कर पहाड़ की छोटी पर पहुंचा जा सकता है। यहां पर युवा लड़के-लड़कियां ग्रुप में घूमने आते हैं। ट्रैकिंग के लिए अच्छी जगह है। पर्यटक हिल पर खड़े होकर चारों ओर के खूबसूरत नजारे देखे जा सकते हैं। ऊपर जाकर चारों ओर हरियाली और पहाड़ी, नीचे कल-कल बहती कारो नदी देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी दुनिया को देख रहे हों।



## कोल्हान की खबरें

# जामताड़ा में राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स 14 जून से

**टाटानगर स्टेशन से 16 चयनित खिलाड़ी हुए रवाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के जामताड़ा में 14 और 15 जून को होने वाले दूसरी राज्य स्तरीय सब-जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले से 16 होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया। ईस्ट सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ ने इसकी जानकारी दी। शुक्रवार को चयनित खिलाड़ियों ने प्रातः 7:50 में टाटानगर रेलवे स्टेशन से टाटा बक्सर एक्सप्रेस में जामताड़ा के लिए रवाना हुए। टीम का नेतृत्व पूर्व राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता ममता मैरी मुर्मू कर रही,जो इस टीम की कप्तान भी हैं।16 जून को प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद टीम वापस लौटेगी। चयनित खिलाड़ियों में निखिल सिंह, मोहित कुमार, समृद्धि सिंह, ऋतुराज दत्ता, सौरव तिवारी, मुकेश महतो, संध्या रानी बास्के, सृष्टि भट्ट, अतुल बाड़ा, आयुष कुमार, शगुन ठाकुर, कोमल कुमारी, आर्यन सिंह, भावेश नायक, सोनाली गुड़िया और ममता मैरी मुर्मू (टीम कप्तान) के साथ में मैनेजर सह कोच पिंकी सामद, मैनेजर सह कोच प्रियंका बांकीरा शामिल है। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति अनिवार्य रूप से लाने का निर्देश दिया गया। टाटानगर स्टेशन से टीम को रवाना करने के दौरान खिलाड़ियों के अभिभावगण, पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू, कोषाध्यक्ष राजकुमार बानरा,कार्यालय सचिव चैतन माझी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ ने आशा व्यक्त की जिले के एथलीट इस प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का मान बढ़ायेंगे और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी दमखम दिखायेंगे।

# आदित्यपुर पुलिस ने दो अलग मामलों में दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पहला मामले में आदित्यपुर पुलिस ने 3 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए बड़ा गम्हरिया के मोतीनगर निवासी लालबाबू यादव को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने सतबोहनी निवासी संदीप दास उर्फ हगरु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की 19 पीस अल्युमिनियम प्लेट भी बरामद कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों अभियुक्तों को पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# झामुमो जिला कार्यालय में गुजरात विमान हादसे में जान गंवानेवाले यात्रियों को दी गयी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। गुजरात में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की याद में झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और दो मिनट का मौन रख कर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर कमलजीत कौर गिल, अरुण प्रसाद, राजा सिंह, गुरमीत सिंह गिल, रानू मंडल, अंकित सिंह, झरना पाल, सविता दास, दुर्गा बोपाई, हरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, चंदन महतो सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने हादसे को राष्ट्रीय क्षति बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोकाकुल परिजनों को दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने छऊ नृत्य के कलाकारों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह जोड़ीसा पंचायत अंतर्गत खड़ियाडीह गांव में एक दिवसीय छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को समापन समारोह में मुख्य आथिति घाटशिला विधायक सह झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। समापन समारोह में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने छऊ नृत्य में भाग लेने वाले सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पारितोषिक वितरण कर उनका स्वागत किया। मंत्री ने परंपरागत सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आयोजकों व ग्रामीणों की सराहना की। मंत्री श्री सोरेन ने कहा छऊ नृत्य हमारी सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक झारखंड की आत्मा है। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि और युवाओं के जुड़ाव का सशक्त माध्यम हैं। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा आज की पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। छऊ जैसे पारंपरिक लोकनृत्य हमें हमारी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पारंपरिक नृत्य को जीवित रखना बल्कि गांव के युवाओं में सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक भावना को विकसित करना है। उन्होंने ने कहा राज्य सरकार पारंपरिक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

मौके पर ग्रामीणों एवं कलाकारों ने मंत्री का पारंपरिक स्वागत किया।समापन समारोह में सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।विभिन्न छऊ नृत्य दलों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# रामदास सोरेन ने झामुमो जिला समिति के साथ की अहम बैठक

## भाजपा जनता को गुमराह कर रही, घर-घर जाकर बतायेंगे सरकार की योजनाएं : मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के नवगठित 17 सदस्यों के एक महत्वपूर्ण बैठक बिस्टुपुर स्थित एक होटल में आयोजन की गयी। शुक्रवार को बैठक की अध्यक्षता राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने की। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार सहित सभी 17 कमेटी सदस्य एवं झामुमो जिला नेतृत्व के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री रामदास सोरेन ने कहा राज्य में भाजपा वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता को भड़काने का कार्य कर रही है। जबकि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार आम जनता के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मंत्री श्री सोरेन ने कहा अब जिला के सभी सदस्य प्रत्येक प्रखंड और गांवों में जाकर सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएंगे। साथ ही लाभार्थियों को हेमंत सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले यह सुनिश्चित करेंगे।मंत्री रामदास सोरेन ने कहा झारखंड में झामुमो किसी भी कीमत पर भाजपा के झूठे प्रचार को बर्दाश्त नहीं करेगी।

रामदास सोरेन ने कहा हेमंत सरकार बेहतर तरीके से कार्य कर रही है,जबकि भाजपा के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा सभी नेता व कार्यकर्ता जनता एक एक जनता से मुलाकात कर सच्चाई से अवगत करायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया आने वाले दिनों में प्रत्येक प्रखंड में पार्टी के सदस्य अभियान चला कर सरकार के योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचायेंगे और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। यह बैठक संगठन को और अधिक मजबूत करने एवं जनसंपर्क बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। वहीं पेसा कानून को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार ने कहा कि सरकार पूरी गंभीरता के साथ इस कानून को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया पूर्ववर्ती सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, जबकि हेमंत सरकार जनजातीय समाज को उनका अधिकार दिलाने को प्रतिबद्ध है। विधायक संजीव सरदार ने कहा पेसा कानून को सही तरीके से लागू करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं, ताकि ग्राम सभाओं को कानूनी अधिकार मिल सके। कई प्रस्ताव अभी लंबित हैं, जिन पर मंत्रीगण काम कर रहे हैं। बहुत जल्द राज्य सरकार पेसा कानून को धरातल पर उतारेगी। उन्होंने यह भी कहा जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे तब इस कानून को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गयी, जबकि अब वही भाजपा इस मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रही है।

विधायक ने कहा सरकार की प्राथमिकता है जनजातीय अधिकारों की रक्षा, पंचायतों को मजबूत करना और भाजपा के कथित दोहरे चरित्र को बेनकाब करना है। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, मोहन कर्मकार, मनोज यादव, राजू गिरी और प्रमोद लाल सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# डॉ राजीव लोचन महतो ने 49वीं बार रक्तदान कर रक्तदाताओं को दिया प्रेरणादायी संदेश



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो ने 49वीं बार रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। उन्होंने अब तक 46 बार रक्तदान और 3 बार एसडीपी दान किया है। इस अवसर पर डॉ राजीव ने कहा रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह शरीर और समाज दोनों के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया एक बार रक्तदान करके तीन जिंदगियों को बचाया जा सकता है और दान किया गया रक्त शरीर 24 घंटे के भीतर स्वयं पुनः बना लेता है। डॉ राजीव ने याद किया वर्ष 2009 में मेडिकल की पढ़ाई के दौरान जब उनकी नानी की सास को डायलिसिस के लिए बार-बार रक्त की जरूरत पड़ रही थी, तब रक्तदाता नहीं मिलने पर उन्होंने खुद रक्तदान करने का फैसला किया। उन्होंने कहा उस दिन के बाद कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा और आज तक 49 बार रक्तदान कर चुके है। उन्होंने बताया पोटका के हल्दीपोखर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान को लेकर पहले काफी जागरूकता की कमी थी, लेकिन आज वे न सिर्फ स्वयं रक्तदान करते हैं बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ राजीव ने अपने प्रेरणा स्त्रोतों का ज़िक्र करते हुए बताया उन्हें इस क्षेत्र में लाने का श्रेय रेड क्रॉस सोसाइटी के विजय कुमार सिंह, प्रतिक संघर्ष फाउंडेशन के अरिजीत सरकार तथा पोटका क्षेत्र के कवि व समाजसेवी सुनील कुमार दे को जाता है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 जून, 2025
www.azadsipahi.in
07

## भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र का पारंपरिक महास्नान धूमधाम से संपन्न



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध ठाकुर बाड़ी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र का पारंपरिक महास्नान कार्यक्रम ज्येष्ठ पूर्णिमा को बड़े धूमधाम और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रंका गढ़ के राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह, युवराज कुमार गुलाब सिंह ने परिवार जनों एवं राजपुरोहित व विद्वान पंडितों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मिट्टी के कलशों में रखे वनौषधियों एवं सुगंधित जल से भगवान को महास्नान कराया। महास्नान के बाद धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान पन्द्रह दिनों के लिए एकांतवास में चले गए। इस दौरान मंदिर के पट बंद रहेंगे और भक्तगण भगवान का दर्शन नहीं कर सकेंगे। एकांतवास की यह अवधि भगवान के स्नान के बाद उनके बीमार पड़ने की प्रतीक के रूप में माना जाता है, जिसमें वे विश्राम करते हैं। यह सदियों पुरानी परंपरा गढ़वा जिले में सिर्फ रंका गढ़ ठाकुर बाड़ी मंदिर में ही इसका आयोजन होता है, जो इसे विशेष बनाता है। मंदिर के पुजारी बालो दूबे के अनुसार आगामी 26 जून को शाम 4:30 बजे भगवान का नेत्रदान संपन्न होगा, उसके बाद भगवान दर्शन देंगे। अगले दिन 27 जून को भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जायेगा।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभजीत गौतम मिश्रा व पूर्णिमा कच्छप सीएसडब्ल्यू की अध्यक्षता में बाल श्रम निषेध दिवस पर प्लस टू उच्च बिद्यालय व मध्य विद्यालय भंडारिया के द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली। भंडरिया प्रखंड में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं की अगुवाई में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली राजकीय मध्य विद्यालय भंडरिया से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौक होते हुए राजकीय +2 उच्च विद्यालय भंडरिया तक निकाली गयी। रैली में विद्यालय के बच्चों ने 'बाल मजदूरी हम न करेंगे, पढ़-लिखकर आगे बढ़ेंगे' जैसे नारे लगाकर लोगों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल श्रम के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना था। इस रैली में रेखा कुजूर,, शिक्षक वीरेंद्र पाल, उमेश कुमार यादव, रंजीत पटेल, अमित सिन्हा, सोनम तिर्की, मंजू कुजूर समेत कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पल्स टू उच्च बिद्यालय के प्रागण मे थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व और कानूनी रूप से बाल श्रम पर रोक की जानकारी दी गयी।

## मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए जीसीआरपी ने निकाली जागरूकता रैली



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस नरही आजीविका महिला संकुल संगठन के तत्वाधान में जीसीआरपी दीदियों के द्वारा मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाला गया। जागरूकता रैली का नेतृत्व नरही सीएलएफ अध्यक्ष ममता देवी के द्वारा किया गया। जागरूकता रैली नरही पंचायत भवन से निकलकर नरही मोड़ होते हुये चितविश्राम पंचायत भवन तक गया। रैली पुन: नरही पंचायत भवन पहुंचकर समाप्त हो गया। जागरूकता रैली में शामिल समूह के दीदी लोग के द्वारा कई नारे लगाए गये। मौके पर मास्टर ट्रेनर दीपशिखा सिन्हा, अस्तरून निशा, डीआरपी सुनीता देवी, सीसी सत्येंद्र कुमार,पुष्पा कुमारी, प्रमोद कुमार, सीतापति देवी,दुर्गावती देवी, प्रतिमा सिंह,कृति रॉय,नसीबा बीबी, चांदनी देवी, प्रेमशीला देवी सहित अन्य महिला स्वयं सहायता समूह की दीदी उपस्थित थे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** महिला थाने की पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शौषण की फरार वारंटी खरौंधी थाना क्षेत्र खरौंधी ग्रामीण बैंक समीप निवासी किशोर पासवान के घर इश्तेहार चिपकाया हैं। महिला थाना प्रभारी रुक्मणि कुमारी ने बताया की सपना कुमारी के द्वारा थाना आवेदन देकर शादी का झांसा देकर यौन शौषण करने आरोप लगायी थी। महिला थाना कांड संख्या 09/2025 के शादी का झांसा देकर यौन शौषण करने का प्राथमिक अभियुक्त हैं। वह विगत दो महीना से फरार चल रहा है। 12 जून 2025 को लगभग 5 बजे उसके घर जाकर ढ़ोल बजाकर विधिवत इश्तेहार को चिपकाया गया और लोगो को इसकी जानकारी दिया गया। मौके पर एसआइ उर्मिला कुमारी, गीता कुमारी, खरौंधी गस्ती दल मौजूद थे।

## बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी ने जनवितरण प्रणाली दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि आज अमहर खास पंचायत, विशुनपुरा पंचायत, पिपरी कला पंचायत के कुल 8 जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश डीलरों द्वारा माह मई एवं जून का 90 प्रतिशत से ज्यादा अनाजों को कार्डधारियों को वितरण कर दिया गया है। वहीं जिस डीलर के द्वारा खाद्यान्न (अनाज) का कम वितरण किया गया है उन्हें स्पष्टीकरण (कारण पृच्छा) की गयी है तथा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय पर 15 जून तक माह मई एवं जून का राशन वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विशुनपुरा के डीलर मनोज कुमार द्वारा अनाज वितरण का प्रतिशत संतोषजनक नहीं पाया गया तथा कार्डधारियों के द्वारा इसकी शिकायत भी की गयी कि हमलोग को ससमय राशन (अनाज) नहीं दिया जा रहा है। इस इस संबंध में पूछे जाने पर डीलर मनोज कुमार ने बताया कि मेरा ई पॉस मशीन बीते 2 दिनों से खराब होने के कारण राशन वितरण में देर हुई है। वहीं जांच के दौरान उक्त सहित अंचल सहायक अमल सिंह सहित अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# राहगीरों से लूटकांड मामले में तीन गिरफ्तार, दो फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** बीते गुरुवार की रात कोयल नदी पुल के पास बेलचंपा में दो राहगीरों से हथियार के बल पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो की गिरफ्तारी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने लूट में प्रयुक्त देशी कट्टा, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और बैग भी बरामद कर लिए हैं।घटना 12 जून 2025 की रात करीब 3 बजे की है। जब दो राहगीर रेहला स्टेशन से पैदल अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। उसी दौरान गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचम्पा स्थित कोयल नदी पुल के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अज्ञात अपराधियों ने हथियार दिखाकर उनके पास से 6500 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो बैग और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज लूट लिए। पीड़ित प्रेमचंद कुमार गुप्ता के फर्द बयान पर मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 जून की संध्या करीब 5:30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर अनूप कुमार और सोजल राम को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने तीन साथियों रोहित कुमार, रूपेश कुमार और शालू उर्फ अमरदीप लाल झ के नाम बताये। इसके आधार पर 13 जून को पुलिस ने रूपेश कुमार को नारायणपुर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देशी कट्टा और एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। जबकि रोहित कुमार और शालू उर्फ अमरदीप लाल, दोनों निवासी पचपड़वा, अभी फरार हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनूप कुमार, रूपेश कुमार, सोजल राम के नाम शामिल हैं। गढ़वा प्रेसवार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा थाना प्रभारी ब्रज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विकू कुमार रजक, रंजन कुमार साह, जनार्दन राउत, संजय कुमार सिंह, आर्म्ड फोर्स के जवान सचीत कुमार, श्रीकांत सिंह, गृहरक्षक धिरेन्द्र कुमार दुबे (चालक), नवस करकट्ट, मनोज यादव और अभिमन्यु कुमार शामिल थे।

# संयोजिका नें विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर लगाया छेड़खानी का आरोप, मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा/ गढ़वा।** शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों में जब नैतिक पतन के समाचार सामने आते हैं, तो समाज में आक्रोश और चिंता की लहर फैल जाती है। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया है जहां एक स्कूल की संयोजिका सुष्मा कुमारी ने विद्यालय के हेडमास्टर पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

यह मामला गढ़वा जिला अंतर्गत सगमा प्रखंड की है जो की राजकीय मध्य विद्यालय उत्तरी सोनडीहा स्कूल की है पीड़िता। जो की विद्यालय में संयोजिका के पद पदस्थापित है, उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तरी सोनडीहा के प्रधानाध्यापक ने बीते बुधवार को प्रातः 11 के करीब विद्यालय के ही संयोजिका के साथ विद्यालय के स्टोर रूम में छेड़खानी करने का प्रयास किया। संयोजिका ने बताया कि हर दिन की भांति मैं



हेड मास्टर ललित कुमार।

विद्यालय की स्टोर रूम में एमडीएम के चावल के बोरी की गिनती कर रही थी। उसी वक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक ललित कुमार पीछे से स्टोर रूम में आए और आकर मेरी साड़ी पकड़ लिया तथा मेरे शरीर के उपरी हिस्सों को छूने का प्रयास किया। जब मैं अपने बचाव में हल्ला करने का प्रयास किया तो ललित कुमार ने मेरा मुंह बंद कर मुझसे कहा कि अगर हल्ला करोगी तो तुम्हारे पति को जान से मरवा देंगे तथा भर समाज में तुम्हारी इज्जत नीलाम कर देंगे। महिला संजोजिका ने अपने आवेदन में लिखा है कि हेडमास्टर द्वारा बार-बार अनुचित तरीके से स्पर्श करने, अकेले में बुलाकर अश्लील बातें करने तथा मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने विरोध किया, तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी भी दी गयी। इस घटना के बाद छात्रों के अभिभावकों ने भी इस घटना पर गहरी नाराजगी जतायी है और आरोपी शिक्षक को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। इस संबंध में विद्यालय के हेड मास्टर ललित कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने संयोजिका के द्वारा लगाये गये आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सें पूछे जाने पर उन्होंने कहा की पीड़िता का आवेदन प्राप्त हुआ है और मामला गंभीर है। मामले को जांच किया जायेगा जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर सख्त सें सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाये।

## विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी लोगों में भ्रामक संदेश फैला रहे हैं : धीरज दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि वर्तमान विधायक सात महीने के अपने कार्यकाल की अपनी नाकामी को छुपाने के लिए पुनः झूठ बोलने और दुष्प्रचार करने में लगे हुए हैं। अपने नाकामी को छुपाने का सबसे कारगर उपाय उन्हें धार्मिक धुर्वीकरण लगता है। दुलदुलवा में हनुमान मंदिर तोड़ने की कोई बात ही नहीं हो रही है लेकिन विधायक के द्वारा उसे तोड़े जाने का दुष्प्रचार किया जा रहा है। असल में उनका



मकसद सड़क निर्माण एजेंसी से अपना कमीशन वसूलने का है। इस तरह का प्रोपेगेंडा फैलाकर वह निर्माण काम बाधित कर कमीशन वसूलना चाहते हैं। पूर्व में भी इनके द्वारा ठेकेदारों को कमिश्न वसूलने के लिए गाली-गलौच किया जा चुका है। प्रेस वार्ता में अशर्फी राम, रामसागर यादव, शरीफ अंसारी, तनवीर आलम मौजूद थे।

## लूना की टक्कर से युवती की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुशदड़ ग्राम में शुक्रवार को लूना के धक्के से कुशदड़ ग्राम निवासी अमरूदीन अंसारी की 17 वर्षीय पुत्री रौशन खातून की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। वही उसी गांव के इम्तियाज अंसारी के 14 वर्षीय पुत्र औरंजेब अंसारी लूना चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मृतिका का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल लूना चालक को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जिले में खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, उसके परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अब तक की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी एवं आगे की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उपायुक्त श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन पर कड़ाई से कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इसके लिए नियमित रूप से संयुक्त छापामारी दल सक्रिय रहेंगे। साथ ही अवैध खनन से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सख्त कदम उठाने के भी निर्देश दिए गये। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा एवं दोषी पाये जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## दो अलग-अलग जगहों पर आपसी विवाद में मारपीट, चार घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर हुए आपसी विवाद के मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।पहली घटना खरौंधी के मझिगावां गांव में दो सगी गोतनी के बीच डायन भूत का आरोप में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों गोतनी गंभीर रूप से घायल हो गयी है। दूसरी घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका लंगड़ी टोला में दो भाइयों के बीच पका घर बनाने के बीच हुए विवाद में लाठी डंडा से मारपीट हो गयी जिसमें दोनों भाई घायल है।

**झारखण्ड सरकार**
भू-अर्जन वाद सं०-65/2024-25
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**
"गोला-मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा-कुसुमटिकरा, थाना संख्या-21, अंचल-सिल्ली, जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **गोला-मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा-कुसुमटिकरा, थाना संख्या-21, अंचल-सिल्ली, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा-**9.478708** एकड़ भूमि मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

**मौजा-कुसुमटिकरा**

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (मुखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 45 | 147 | रैयती | 0.022380 | करमा माझी, पेशरान मगला माझी वौ जैराम माझी, पेशरान-जगना माझी वो मंगलु माझी, पेशरान-मगला माझी वो मषतु माझी, पेशरान-जगना माझी वो मोती राम माझी, पेशरान-जगना माझी वो मोहन माझी, पेशरान-मगला माझी वो राम शाए माझी, पेषरान-जगना माझी वो वैजनाथ माझी वल्द शीकरा माझी वो बुधु माझी वल्द रंगलाल माझी | 0 | 70 | 0 | 0 |
| 02 | 26 | 148 | रैयती | 0.348090 | पुशतम माझी वल्द राधा माझी | 1 | 2 | 0 | 0 |
| 03 | 26 | 150 | रैयती | 0.326773 | पुशतम माझी वल्द राधा माझी | 0 | 59 | 0 | 0 |
| 04 | 25 | 149 | रैयती | 0.553410 | पीताम्बर शीघ वल्द मोहन शीघ | 0 | 60 | 0 | 0 |
| 05 | 69 | 151 | रैयती | 0.656985 | बकास्त पहनाई | 1 | 49 | 0 | 0 |
| 06 | 09 | 192 | रैयती | 0.087061 | कलु माझी, पेशरान-हीरा माझी, काशीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेशरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेशरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेशरान-हीरा माझी | 0 | 22 | 0 | 0 |
| 07 | 09 | 250 | रैयती | 0.006798 | कलु माझी, पेशरान-हीरा माझी, काशीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेशरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेशरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेशरान-हीरा माझी | 0 | 24 | 0 | 0 |
| 08 | 09 | 193 | रैयती | 0.255584 | कलु माझी, पेशरान-हीरा माझी, काशीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेशरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेशरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेशरान-हीरा माझी | 0 | 54 | 0 | 0 |
| 09 | 09 | 255 | रैयती | 0.784962 | कलु माझी, पेषरान-हीरा माझी, काषीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेषरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेषरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेषरान-हीरा माझी | 1 | 39 | 0 | 0 |
| 10 | 09 | 259 | रैयती | 0.053616 | कलु माझी, पेषरान-हीरा माझी, काषीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेषरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेषरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेषरान-हीरा माझी | 0 | 13 | 0 | 0 |
| 11 | 09 | 262 | रैयती | 0.021837 | कलु माझी, पेषरान-हीरा माझी, काशीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेषरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेषरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेषरान-हीरा माझी | 0 | 73 | 0 | 0 |
| 12 | 09 | 335 | रैयती | 0.011110 | कलु माझी, पेषरान-हीरा माझी, काषीनाथ माझी वल्द मादो माझी वो दलु माझी, पेषरान-हीरा माझी वो मोलु माझी पेषरान-हीरा माझी वो शलु माझी, पेषरान-हीरा माझी | 0 | 32 | 0 | 0 |
| 13 | 52 | 194 | रैयती | 0.027863 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 1 | 79 | 0 | 0 |
| 14 | 52 | 195 | रैयती | 0.821777 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 1 | 59 | 0 | 0 |
| 15 | 52 | 1011 | रैयती | 0.055217 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 0 | 35 | 0 | 0 |
| 16 | 52 | 1012 | रैयती | 0.055800 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 0 | 29 | 0 | 0 |
| 17 | 52 | 1013 | रैयती | 0.258997 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 0 | 62 | 0 | 0 |
| 18 | 52 | 1048 | रैयती | 0.010998 | अधनु माझी वल्द भीम माझी वो अर्जुन माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो पुषुआ माझी, पेषरान-सोनाराम माझी वो मोसमात हामु, जौजे-मोगले माझी वो राधो माझी, पेषरान-सोनाराम माझी | 0 | 34 | 0 | 0 |
| 19 | 22 | 196 | रैयती | 0.023675 | छुटु माझी, पेषरान-उजरा माझी वौ जैदेव माझी, पेषरान-कुनजला माझी वो परधान माझी, पेषरान-उजरा माझी वो मोतीआ माझी, पेषरान-कुनजला माझी वो शहदेव माझी, पेषरान-कुनजला माझी | 0 | 25 | 0 | 0 |
| 20 | 07 | 251 | रैयती | 0.001441 | कलु माझी वल्द हीरा माझी | 0 | 7 | 0 | 0 |
| 21 | 10 | 258 | रैयती | 0.045081 | काशीनाथ माझी वल्द भादो माझी | 0 | 8 | 0 | 0 |
| 22 | 03 | 331 | रैयती | 0.487885 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 92 | 0 | 0 |
| 23 | 03 | 332 | रैयती | 0.203268 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 29 | 0 | 0 |
| 24 | 68 | 344 | गैरमजरूआ आम | 0.154562 | गैरमजरूआ आम | 0 | 71 | 0 | 0 |
| 25 | 68 | 984 | गैरमजरूआ आम | 0.258013 | गैरमजरूआ आम | 1 | 39 | 0 | 0 |
| 26 | 68 | 1046 | गैरमजरूआ आम | 0.068905 | गैरमजरूआ आम | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 27 | 33 | 966 | रैयती | 0.245317 | छतरो माझी, पेषरान-वीरवल माझी वो वीषटु माझी, पेषरान-वीरवल माझी | 0 | 32 | 0 | 0 |
| 28 | 34 | 967 | रैयती | 0.007441 | छतरो माझी, पेषरान-वीरवल माझी वो वीषटु माझी, पेषरान-वीरवल माझी | 0 | 32 | 0 | 0 |
| 29 | 49 | 968 | रैयती | 1.182700 | मोहन माझी वल्द बालुलाल माझी | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 30 | 41 | 1014 | रैयती | 0.112835 | भैरो माझी, पेषरान-लखन माझी वो शुकुल माझी, पेषरान-लखन माझी | 0 | 11 | 0 | 0 |
| 31 | 41 | 1015 | रैयती | 0.244074 | भैरो माझी, पेषरान-लखन माझी वो शुकुल माझी, पेषरान-लखन माझी | 0 | 26 | 0 | 0 |
| 32 | 41 | 1016 | रैयती | 0.121733 | भैरो माझी, पेषरान-लखन माझी वो शुकुल माझी, पेषरान-लखन माझी | 0 | 13 | 0 | 0 |
| 33 | 41 | 1049 | रैयती | 0.176918 | भैरो माझी, पेषरान-लखन माझी वो शुकुल माझी, पेषरान-लखन माझी | 0 | 19 | 0 | 0 |
| 34 | 05 | 1017 | रैयती | 0.092746 | करमा माझी वल्द मोहन माझी | 0 | 9 | 0 | 0 |
| 35 | 05 | 1018 | रैयती | 0.410509 | करमा माझी वल्द मोहन माझी | 0 | 47 | 0 | 0 |
| 36 | 05 | 1050 | रैयती | 0.230742 | करमा माझी वल्द मोहन माझी | 0 | 22 | 0 | 0 |
| 37 | 03 | 1019 | रैयती | 0.091345 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 52 | 0 | 0 |
| 38 | 03 | 1021 | रैयती | 0.114214 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 25 | 0 | 0 |
| 39 | 03 | 1022 | रैयती | 0.016726 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 12 | 0 | 0 |
| 40 | 03 | 1052 | रैयती | 0.352118 | कमल महतो वल्द लकल महतो | 0 | 41 | 0 | 0 |
| 41 | 67 | 1051 | गैरमजरूआ खास | 0.107831 | गैरमजरूआ मालिक | 0 | 15 | 0 | 0 |
| 42 | 02 | 1053 | रैयती | 0.336150 | कमल महतो, पेषरान-लाकुर महतो | 0 | 89 | 0 | 0 |
| 43 | 45 | 1054 | रैयती | 0.033221 | करमा माझी, पेषरान-मगला माझी, वो जैराम माझी, पेषरान-जगना माझी, वो मंगलु माझी, पेषरान-मगला माझी वो मषतु माझी, पेषरान-जगना माझी वो मोतीराम माझी, पेषरान-जगना माझी वो मोहन माझी, पेषरान-मगला माझी वो राम शाए माझी, पेषरान-जगना माझी वो वैजनाथ माझी वल्द शीकरा माझी वो बुधु माझी वल्द रंगलाल माझी | 0 | 64 | 0 | 0 |
| | | | कुल | **9.478708** | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**PR 354949 Land Reforms(25-26)#D**

उपायुक्त, राँची

# सड़क दुर्घटना में मनरेगा सोशल ऑडिट टीम के तीन सदस्य घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एनएच 39 अंतर्गत दुड़ंगी गांव के समीप सड़क दुर्घटना मे मनरेगा सोशल ऑडिट टीम के तीन सदस्य घायल हो गये। घायलों में रघुनाथ परहिया (मुगीडीह, बरवाडीह), कलारा टूटी (केड़, छिपादोहर), दिनेश उरांव (तुलबुल, लातेहार) शामिल है। इस घटना में रघुनाथ परहिया और फलरा टूटी के पैर टूट गया है। वहीं दिनेश उरांव को हल्की चोट आयी है। घटना का संबंध में जानकारी देते हुए रघुनाथ ने बताया कि तीनों एक बाइक पर सवार होकर तुलबुल गांव से मनरेगा योजना की जांच कर वापस पंचायत सचिवालय लौट रहे थे। इसी दौरान दुड़ंगी गांव के होते हुए पंचायत सचिवालय जाने वाले रास्ते के ओर जैसे ही मुड़े तेज गति से आ रही एक बोलेरो वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। बोलेरो वाहन मनिका से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने लातेहार आ रही थी। घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गये,वहीं बाइक सवार सोशल ऑडिट की तीन पूरी तरह से घायल हो गयी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रघुनाथ परहिया और फलरा टूटी को रांची रेफर कर दिया। इधर पुलिस ने बोलेरो और बाइक को जप्त कर लिया है और अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी है।

# बॉक्साइट नगरी को दूध और आम का शहर बनायेंगे : डीसी

**लोहरदगा में जिलास्तरीय आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का भव्य आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा बॉक्साइट की नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। जिले से सब्जियों का भी बहुतायत मात्रा में निर्यात दूसरे जिलों और पड़ोस के राज्यों में भी किया जाता रहा है। साथ ही लोहरदगा जिला में आम की बड़ी पैदावार होती है। एक सप्लाई चैन बनाकर पड़ोसी सीमावर्ती राज्यों में भी यहां उपजाए आमों की मांग होने लगे तो अगके पांच वर्षों में यहां के किसान बिजनेसमैन का दर्जा पा सकते हैं। किसान भावी पीढ़ी के एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं। साथ ही यहां दुग्ध उत्पादन की भी काफी संभावनाएं हैं। हम लोहरदगा को आनेवाले वर्षों में आम और दूध की नगरी बनायेंगे। उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने समाहरणालय मैदान में आयोजित आम उत्सव-सह-बागवानी मेला में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला के ज्यादातर आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जुड़ी है। यह अच्छा मौका है जब आप किसी भी बाजार तक पहुंच बना सकते हैं और अपने उत्पादों की अच्छी कीमत पा सकते हैं। अपने मिट्टी के अनुसार फसल का चयन करें। एक सफल व्यवसायी बनने के लिए, आपको निवेश भी करना है। आपको जहां भी जरूरत होगी जिला प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उप विकास आयुक्त ने यहां के किसानों के क्षमता पर कहा कि किसान पेड़ो के साथ-साथ सब्जियां भी उगायें। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि यहां बंजर भूमि पर खेती कर बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ उठाना चाहिए। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना से गांव की दीदियां जुड़ रही हैं। इससे पलायन रुकेगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। मेला में जिला कृषि कार्यालय, जेएसएलपीएस, नाबार्ड, प्रदान (एफपीओ), आदित्य हाइटेक नर्सरी सभी सातों प्रखंड कार्यालयों की ओर से कुल 19 स्टॉल लगाये गये थे। इनमें संबंधित विभागों/ एनजीओ/ नर्सरी द्वारा लोहरदगा जिला में उत्पादित सभी प्रजाति के आम, आम के उत्पाद, अन्य फलों की प्रजातिवार प्रदर्शनी और बिक्री भी की गयी। उपायुक्त व अतिथियों ने बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों और मेला में भाग लेने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

# धीरज साहू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अहमदाबाद में एयर इंडिया की हुई विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि इस भीषण दुर्घटना में सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और साथ ही भरोसा जताया कि सभी घायल जल्द-से-जल्द स्वस्थ होंगे। श्री साहू ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि देश में विमान यात्रा को और भी ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये युद्ध स्तर पर काम किया जाये क्योंकि विमानन सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक अनुसंधान की जरूरत है।

# जिला प्रशासन का रक्तदान शिविर आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से 14 जून को सुबह 10.30 बजे से समाहरणालय परिसर लोहरदगा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में उपायुक्त, लोहरदगा ने जिला के नागरिकों और सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों/ कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वेच्छा से शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जिला में किसी जरूरतमंद को विषम परिस्थिति में आवश्यक रक्त उपलब्ध कराना है।

# लोहरदगा शिक्षा विभाग की निष्क्रियता से अचंभित हूं : वारिश कुरैशी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा है कि लोहरदगा शिक्षा विभाग की निष्क्रियता से अचंभित हूं। उन्होंने बताया कि गत 29 जुलाई 2024 को लोहरदगा वासियों की शिकायत पर तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक नीलम आइलिन टोप्पो से उर्दू भाषा की पढ़ाई से संबंधित समस्या को लेकर मुलाकात कर विचार विमर्श किया था। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने मुझे भरोसा दिलाया कि उर्दू स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए अति शीघ्र शिक्षकों को उर्दू स्कूल में भेज दिया जाएगा। क्योंकि अभी शिक्षकों का प्रमोशन हुआ है और प्रमोशन के बाद तबादला हो गया है। इस पर मैंने जिला शिक्षा अधीक्षक से कुछ बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक उसी ऑफिस के क्लर्क विकेश कुमार को बुलाकर मैडम ने खुद से सूचना उपलब्ध कराने संबंधी नोट कराया था, लेकिन वो जानकारी न ही राज्य अल्पसंख्यक आयोग के कार्यालय पहुंचा और न हीं मुझे मिला, जबकि लगभग एक साल का समय होने जा रहा है। इस बीच टेलीफोनिक कई बार ऑफिस क्लर्क विकेश कुमार से बात हुई। सप्ताह भर का आश्वासन मिलता था लेकिन सूचनाएं नहीं मिली। उपरोक्त सूचना नहीं देने के पीछे लोहरदगा शिक्षा विभाग की मंशा गलत प्रतीत होती है, जबकि लोहरदगा जिला में उर्दू पढ़ने वालों की संख्या लगभग 22 प्रतिशत है। फिर भी समझ से परे है कि लोहरदगा शिक्षा विभाग को उर्दू भाषा पढ़ने वालों से क्या परेशानी है जो अभी तक सही जानकारी छिपाया जा रहा है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग इस कृत पर संज्ञान लेकर उन पदाधिकारी के ऊपर कार्रवाई के अनुशंसा राज्य के शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग को कर सकता है। इस बाबत मैं जिला के उपायुक्त से मिलकर इस संबंधित में बात करूंगा।

# डीसी समेत अधिकारियों ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए लोहरदगा समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा की अध्यक्षता लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने की। शोकसभा में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक कर्मी और अन्य कर्मियों ने सहभागिता की। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए बेहद दुखद है। हम सभी शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नम आंखों और मौन प्रार्थना के साथ हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा का माहौल पूरी तरह शांत और भावुक था, जिसमें हर चेहरा दुख और संवेदना से भरा हुआ नजर आया।

# जनता दरबार में नौ मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ मनोज कुमार ने बताया कि कुल 15 लोग अपनी जमीन से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे जिनमें में से 9 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। विशेष रूप से भूमि सत्यापन और पारिवारिक सदस्यता से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन हुआ। जनता दरबार में अधिकांश शिकायतें ऑनलाइन जमाबंदी पंजी में सुधार, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज और भू- मापन से संबंधित रही। प्रखंड कार्यालय में दो दर्जन से अधिक आवेदन पड़े जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य मामलो को लेकर आवेदन पड़े। जिसका तत्काल निष्पादन किया गया। अंचल कार्यालय के प्रभारी सीआइ फबियानुस टोप्पो, अंचल राजस्व कर्मी बीरबल उरांव, नाजिर मनोज कुमार लेखपाल, नित्यानंद तिवारी भी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने नेत्र जांच किट का विरतण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार पांच पंचायतों में सफल क्रियान्वयन और जागरूकता अभियान के बाद, अब जिला प्रशासन, लातेहार और लेंसकार्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस पहल को लातेहार ब्लॉक की सभी 13 पंचायतों तक बढ़ाया जा रहा है। इस विस्तार के हिस्से के रूप में, पूरे ब्लॉक में डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग की सुविधा के लिए 26 दीदियों को प्राथमिक नेत्र जांच किट से लैस किया गया है। 13 जून 2025 को उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता और आइटीडीए निदेशक प्रवीण गगरई लातेहार के द्वारा सर्वे किट वितरित किये गये। उचित प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, दीदियां 14 जून 2025 से सामुदायिक जांच शुरू करेंगी। प्रारंभिक जांच के दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं वाले व्यक्तियों की पहचान एक विशेष नेत्र देखभाल शिविर में की जायेगी, जहां योग्य नेत्र रोग विशेषज्ञ विस्तृत जांच करेंगे। निदान के आधार पर, जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जायेगा, जिससे उन्हें बिना किसी खर्च के आवश्यक दृष्टि सहायता मिल सके। गौरतलब है निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन प्रथम चरण में लातेहार प्रखंड के पांच पंचायतों में किया गया था, जिसमें 26 मई को सांसग पंचायत में 315, 27 मई को नावागढ़ पंचायत में 386, 28 मई को पांडेयपुरा पंचायत में 338, 29 मई को परसही पंचायत में 409, दिनांक 30 मई को मोंगर पंचायत में 352 लोगों के आंखों की जांच की गयी थी, जिसमें अब तक कुल 1800 मरीजों का परीक्षण हुआ है।

# सेवा भारती ने विमान हादसे में मृत लोगों के लिए शोक संवेदना प्रकट की

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला सेवा भारती एवं जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने अहमदाबाद में एयर इंडिया की हुई विमान दुर्घटना के हादसे में निधन हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और साथ-साथ घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। लोहरदगा जिला सेवा भारती सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत ही पीड़ादायक और मन को विचलित कर देने वाली है। यह मर्माहत करने वाली दुखद घटना से संपूर्ण देशवासियों के साथ-साथ कई देशों के लोगों को भी स्तब्ध कर दिया है। इस भीषण दुर्घटना में निधन हुए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के साथ-साथ उनके परिवारजनों को ईश्वर शक्ति प्रदान करने की कामना की और इस दुर्घटना पर हुए सभी घायलों को अति शीघ्र स्वास्थ्य हो इसकी कामना भी की। इस तरह की घटना भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सरकार ठोस कदम उठाएं। संवेदना प्रकट करने वालों में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,संजय चौधरी,जयप्रकाश शर्मा,अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, सुबोध प्रसाद महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,रिंकू केसरी,आशीष अग्रवाल, शशांक बर्मन, अतुल सर्राफ, हर्षित सोनी,सीताराम सर्राफ, शिवप्रसाद राजगढ़िया, पवन पोद्दार,पवन सर्राफ,राकेश शर्मा, किशोर बंका, निखिल सराफ, मनीष राजगढ़िया निशांत सर्राफ, शुभम आदि शामिल हैं।

# चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रंहे में सम्मान समारोह आज

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रंहे के द्वारा विद्यालय प्रांगण में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत सभी स्कूलों व इंटर कॉलेज के विद्यार्थी जो मैट्रिक को इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रखंड का नाम रोशन किए है। वैसे विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जहां विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडिओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, थानेदार पुनीत मिंज और शिक्षा विभाग के बीपीओ पुष्पा टोप्पो शामिल होंगे।

# पोखरी कला में संपन्न लोगों को मिला अबुआ आवास, आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** कल्याणकारी योजनाओं में एक अबुआ आवास योजना झारखंड और हेमंत सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शुमार है जिसका लाभ गरीब जरूरतमंद आवास विहिन पात्र लाभुकों को सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार आवंटित करना है। वहीं बरवाडीह प्रखंड में सरकार के गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाते प्रखंड के पदाधिकारी संबंधित कर्मी, पंचायत के मुखिया, आवास सहायक के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करते समृद्ध अपात्र लाभुकों को अबुआ आवास का आवंटन सुनियोजित तरीके से किया गया है। वहीं कई पात्र लाभुकों के प्राथमिकता सूची को दरकिनार करते संपन्न लोगों को आवास का लाभ पहुंचाया गया है साथ ही एस सी कोटे का आवास ओबीसी को ओबीसी कैटेगरी का आवास एससी कैटेगरी को जानबूझकर आवंटित किया गया है। इस तरह कई और अपात्र लाभुकों को बेहिचक आवास आवंटित किये गये हैं। ऐसे में किन किन लोगो की मिलीभगत से अपात्र लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया है यह तो जांच का विषय है ग्रामीणों ने मामले पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को संज्ञान लेने अपात्र लाभुकों से राशि की रिकवरी कर पात्र और जरुरत मंदों को आवास का लाभ दिलाने की मांग की है। वही प्रखंड आवास समन्यवक दीपक कुमार यादव ने कहा की मुझे जानकारी नही है जांच कर ही कुछ कहा जा सकता है।

# जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत का चुनाव 24 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड की बैठक हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड के चुनाव को लेकर अंजुमन हॉस्पिटल रांची के निकट स्थित कुरैश कार्यालय में हुई। जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत देश की आजादी से पूर्व गठित पंचायत है जो पिछले 100 वर्षों से लगातार समाज की सेवा और समाज का मार्गदर्शन करते आ रही है। बैठक में जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड के चुनाव को लेकर चुनाव कमेटी का गठन किया गया। इसके साथ ही पूरे प्रदेश से कुरैशी पंचायत की भागीदारी चुनाव में सुनिश्चित हो इसको लेकर कमेटी के लोग पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों का दौरा किया और राज्य के सभी जिलों से कुरैश समाज की सभी समितियों को चुनाव की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुआ जो इस प्रकार है। झारखंड के चौरासी पंचायत में अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव कराने के लिए चुनाव कमिटी बनायी गयी है जो इस प्रकार है वारिस कुरैशी, अफरोज कुरैशी, अरशद कुरैशी, रमजान कुरैशी, शादाब कुरैशी होंगे। वहीं 24 जून को 84 पंचायत झारखंड चुनाव में मीडिया एव प्रचार प्रसार पोस्टर बैनर की भी जिम्मेदारी इन्ही लोगो को ही दी गई है। जिसमें वारिस कुरैशी, अफरोज कुरैशी, अरशद कुरैशी, रमजान कुरैशी, शादाब कुरैशी होंगे। 24 जून को चुनाव में भाग लेने आए पूरे झारखंड प्रदेश जैमातुल कुरैश पंचायत के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से मुमताज कुरैशी धनबाद, शाहनवाज कुरैशी, शहजाद कुरैशी, आजाद कुरैशी, हाजी तौफीक कुरैशी, फि रोज कुरैशी, हाजी बेलाल कुरैशी, कमरूदीन कुरैशी, शाहिद कुरैशी, नईम कुरैशी, मकबूल कुरैशी, हाजी अफसर कुरैशी, यासिन कुरैशी उपस्थित थे।

# डहुपानी में पंचायत भवन का उद्घाटन




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** जिले के पालकोट प्रखंड स्थित डहुपानी पंचायत में शुक्रवार को पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन मुखिया कमल पहन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख और विधायक प्रतिनिधि मनीष हिंदुस्तान ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विजय ठाकुर, बबलू सिंह, सुनील महतो, राजेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, बिलिंग बीर मुखिया इत्यादि लोगों पर उपस्थित थे।

# भंडरा से ईरगांव तक सड़क चौड़ीकरण के लिए ग्राम सभा की तिथि निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा से ईरगांव तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए रैयतों की निजी जमीन का भी उपयोग किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य के लिए रैयतों की निजी जमीन का उपयोग तो कर लिया गया परंतु अधिग्रहण का कार्य अभी तक नहीं किया गया है। अंचल कार्यालय भंडरा के द्वारा भंडरा से ईरगांव तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा करने की तिथि निर्धारित की गयी है। अंचल कार्यालय से निर्धारित तिथि के अनुसार 14 जून को भंडरा ग्राम क्षेत्र, 16 जून को कसपुर ग्राम क्षेत्र, 17 जून को हाटी ग्राम क्षेत्र, 18 जून को अंबेरा गांव क्षेत्र हेतु ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में संबंधित गांव में किया जायेगा। इस ग्राम सभा में सड़क निर्माण कार्य से प्रभावित सभी रियासतों को उपस्थित रहकर अपना पक्ष रखने हेतु प्रचार प्रसार करने का निर्देश अंचल कार्यालय द्वारा दिया गया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए जामताड़ा पहुंचे खिलाड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वधान में लोहरदगा सब जूनियर एथलेटिक टीम जामताड़ा रवाना हुआ। विगत दिनों लोहरदगा जिला स्तरीय दो दिवसीय सब जूनियर अंडर 14 और 16 आयु वर्ग के बॉयज और गर्ल्स का चयन ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा में किया गया था। जिला कोच विकास कुमार महतो के नेतृत्व में 15 सदस्य खिलाड़ियों का जत्था लोहरदगा रेलवे स्टेशन से जामताड़ा हेतु रवाना किया गया। खिलाड़ियों में कमलेश उरांव, सुशांत कुमार उरांव, सुप्रिया मिंज, आराधना लकड़ा, नमन उरांव, चांदनी उरांव, जेस्मीन कुमारी, कशिश उरांव, श्रेया उरांव, सिवांगी किस्पोट्टा, बसंत उरांव, अनुज कुमार साहू, निशांत भगत, रोशन भगत, सीमा कुमारी एथलेटिक खिलाडी है, साथ ही कोच के रूप में विकास कुमार महतो और शिव कुमार साहू को मैनेजर बनाया गया है। ये खिलाडी जामताड़ा में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में 14 जून और 15 जून 2025 को होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यकारी जिला एथलेटिक सचिव किशोर कुमार वर्मा ने कहा की खिलाड़ियों को आने जाने और भोजन इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था सबों के सहयोग से कर दिया गया है, खिलाडी 16 जून 2025 को वापस लोहरदगा आयेंगे। लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव किशोर कुमार वर्मा ने बताया की उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद, एथलेटिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, संगठन सचिव संजय कुमार साहू, निशीथ जायसवाल (विधायक प्रतिनिधि), हाजी जब्बारुल(एफडी इंटरप्राइजेज निदेशक), हाजी शकील अहमद (कार्यकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष), राजेश शर्मा (चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व महासचिव), हाजी अफसर कुरैशी ने लोहरदगा के खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि लोहरदगा जिला के खिलाडियों में आपार प्रतिभा है और उम्मीद है जामताड़ा के राज्य स्तरीय सब जूनियर चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जरूर जीतेंगे। श्री वर्मा ने कहा कि लोहरदगा जिला के चार या पांच गोल्ड मेडल जितने की पूरी संभावना है। शुभकामना देने वालों में मनोज प्रसाद, मदन मोहन पाण्डेय, लाल मोहन केसरी, कमल केसरी, जाहिद अहमद, कयूम खान, अजय प्रसाद समेत एथलेटिक एसोसिएशन के अन्य सदस्य पदाधिकारी है।

# पत्थलगड़ी वर्षगांठ सह जतरा समारोह के अवसर पर चैतु उरांव ने की पूजा-अर्चना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के बसिया प्रखण्ड स्थित ग्राम लोहड़ी में वार्षिक पत्थलगड़ी वर्षगांठ सह जतरा समारोह के पावन अवसर पर गुमला जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने ग्राम लोहड़ी पहुंचकर धरती मां का पूजा अर्चना कर स्वच्छ सद्भावना की कामना करते हुए अपने क्षेत्र, राज्य और देश के प्रति सभी लोगों के प्रति सुखी जीवन की कामना की। साथ ही सभी ग्राम वासियों को को वार्षिक पथरगड़ी वर्षगांठ जतरा समारोह मनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अपने संबोधन में कोंग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि 'पत्थरगढ़ी' अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून के तहत गांव का एक संवैधानिक अभिलेख है। इसमें ग्राम सभा को दी गयी अधिकारों कर्तव्यों का वर्णन किया गया है हमारे लिए यह पवित्र ग्रंथ एवं एक जीवित परंपरा और उनकी जातीय अस्मिता की पहचान है। उन्होंने कहा झारखंड में गठबंधन की सरकार चल रही है और यह सरकार झारखंड की आदिवासी एवं मूलवासी की भावनाओं के अनुरूप झारखंड में पेसा एक्ट लागू करने के लिए संकल्पित है।

# राजस्व नहीं देने पर सैरात दुकानों के दुकान भवन का रजिस्ट्रेशन होगा रद्द



- जिला परिषद के सैरात भवनों का अधिक दर के वजह से नहीं हो पाया आवंटन
- सीओ की अगुवाई में बहुउद्देशीय भवन का किया गया निरीक्षण
- अनावंटित भवनों की भौतिक स्थिति की समीक्षा के लिए समिति के गठन का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** जिला परिषद् बोर्ड की विगत सात मार्च को हुई बैठक में जिला परिषद् के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई थी, जिसमें यह चिंताजनक तथ्य सामने आया था कि कई जिला परिषदीय सैरात भवनों का आवंटन अब तक नहीं हो पाया है। जबकि 8 से 10 बार इनका विज्ञापन जारी किया जा चुका है। इस कारण उक्त भवन न सिर्फ खराब हो रहे हैं, बल्कि जिला परिषद् को इनसे अपेक्षित राजस्व की प्राप्ति भी नहीं हो रही है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि इन भवनों की महंगे किराया आवंटन नहीं होने का प्रमुख कारण है, क्योंकि इच्छुक आवेदकों की संख्या नगण्य हो गई है। बहुद्देशीय भवन, डाक बंगला भवन जैसे प्रमुख भवनों का बार-बार विज्ञापन के बावजूद आवंटन न हो पाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गयी है। इसी के मद्देनजर जिला परिषद् बोर्ड की कार्यवाही की कंडिका 11 (2) के तहत सर्वसम्मति से एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया, जो इन अनावंटित भवनों की भौतिक स्थिति की समीक्षा करेगी। समिति जांच करेगी कि भवन वर्तमान में किस स्थिति में हैं। किन कारणों से उनका आवंटन नहीं हो सका। क्या उनका किराया संशोधित किया जा सकता है। मरम्मत की आवश्यकता है या नहीं और इन भवनों की वर्तमान उपयोगिता क्या है। इन सभी बिंदु को लेकर शुक्रवार को मनातू सीओ मदन कुमार सुमन, जिला परिषद् सदस्य, कनीय अभियंता संध्या कुमारी, अशोक कुमार पासवान और राजू पासवान ने बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सैरात दुकानों को राजस्व नहीं देने पर दुकान भवन का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दी जाएगी।

# श्रावणी मेले में तकनीकों का इस्तेमाल कर कांवरियों को देंगे बेहतर सुविधा: पर्यटन मंत्री

## मंत्री सुदिव्य कुमार ने देवघर में अधिकारियों के साथ मेले की तैयारियों को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राज्य के पर्यटन और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी गंभीर है। क्योंकि यह राज्य का सबसे बड़ा मेला है, जहां इस वर्ष 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की तकलीफ न हो, उसी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ देवघर में बैठक की और कांवरिया पथ, रूट लाइनिंग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आने वाली समस्या को भी समझा और मेले में बचे 28 दिनों के भीतर सारी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि 6-7 जुलाई को पुनः देवघर में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें और धरातल पर हुए काम का जायजा लेंगे। श्रावणी मेला संबंधी बैठक के बाद मंत्री जी पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में शौचालयों की साफ-सफाई को लेकर नया प्रयोग होने जा रहा है। शौचालयों को बाहर क्यूआर कोड रहेगा, जिसमें कांवरियें फीडबैक दे सकेंगे। अगर साफ-सफाई बेहतर नहीं है तो 30 मिनट के भीतर शिकायत का समाधान होगा। नहीं तो उच्चाधिकारियों के पास स्वतः शिकायत फॉरवर्ड हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस बार के मेले में तकनीक का इस्तेमाल कर भक्तों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएंगे, ताकि वे यहां से सुखद अनुभूति लेकर जाए।



देवघर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार।

# सरकार को जीएसटी 'देने और नहीं देने' वाले क्रेशर प्लांटों पर रखी जाये नजर : वित्त मंत्री

- सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुयी जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक हुई। जिसमें विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं और किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ ही पलामू जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभागवार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। पडवा, मोहम्मदगंज, पाटन एवं मेदिनीनगर में मनरेगा के कार्यों में लक्ष्य के विरुद्ध 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि क्षमता से अधिक भार ले जा रहे वाहनों पर कार्रवाई करें, ताकि सड़क क्षतिग्रस्त ना हो। प्रखंड एवं अंचल के कार्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए सांसद ने अगली बैठक से बीडीओ एवं सीओ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ाव सुनिश्चित करने की बात डीडीसी से कहीा। वहीं सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बने विभिन्न ग्रामों का भीडीआई लेकर वहां जाकर योजनाओं की स्थिति का जायजा लेकर लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आदेश दिया। वहीं, राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि डीएमएफटी की बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और बैठक ऐसे दिन में आयोजित करें जब जन प्रतिनिधि क्षेत्र में उपलब्ध हों। वित्त मंत्री ने कहा कि संचालित हो रहे सभी क्रेशर प्लांट सरकार को जीएसटी दे रहें हैं कि नहीं इसपर बारीकी से नजर रखे, क्योंकि टैक्स चोरी करने से नुकसान सीधे तौर पर सरकार को होती है। वहीं विगत दो वर्षों के डीएमएफटी फंड किस मद में और कहां खर्च की गई इसके लिए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी की गठन करने की बात कही। कहा कि उक्त योजना की ऑडिट होनी चाहिए, ताकि जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के बीच पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावे, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत आदि संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, डॉ शशिभूषण मेहता, नरेश सिंह, संजय यादव, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी मो शब्बीर अहमद आदि उपस्थित थे।

# डीएवी सातर में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**देवघर (आजाद सिपाही)।** भण्डारकोला गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में झारखंड जोन-एच के शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन प्राचार्य सह झारखंड जोन एच के क्लस्टर हेड बलराम कुमार झा, पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित डीएवी ऊर्जानगर के प्राचार्य एस के श्रीवास्तव, बीएनएस डीएवी जूनियर के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा, बिरसा मुंडा डीएवी बुंडू के प्राचार्य तन्मय बनर्जी, एसआरके डीएवी सरिया के प्राचार्य आर के सिंह, टाटा डीएवी चैनपुर के प्राचार्य तारकेश्वर कुमार, डीएवी महेशपुर के प्राचार्य एसके मिश्रा और एसपी माइंस चित्रा के प्राचार्य राघवेंद्र तिवारी, सीसीएल डीएवी के प्राचार्य ओपी गोयल, डीएवी पाकुड़ के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती, डीएवी कोडरमा के प्राचार्य के के सिंह, डीएवी जामताड़ा के प्राचार्य डॉ विजय कुमार और कास्टर टाउन डीएवी के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। डीएवी में हरेक शैक्षणिक सत्र में दो बार, डीएवी सेंटर ऑफ एकेडमिक एक्सीलेंस के तत्वावधान और सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी, झारखंड जोन-एच के संरक्षण में इस तरह का कार्यशाला आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीएसई के गाइडलाइन के अनुरूप बच्चों में शिक्षा का संचार करना है। कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने खेल विधि द्वारा कई गतिविधियां भी प्रस्तुत की। झारखंड जोन-एच के सभी विद्यालयों के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान,जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, एकाउंटेंसी, बिजनेस स्ट्डीज, फिजिकल एजुकेशन, संस्कृत, कंप्यूटर, दृश्य कला एवं प्रदर्शन कला आदि के 488 शिक्षक कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। वहीं, प्राचार्य सह झारखंड जोन एच के क्लस्टर हेड बलराम कुमार झा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सभी स्तरों पर पढ़ाने वाले शिक्षकों की विशेषज्ञता, शिक्षण योग्यता और दक्षताओं को बढ़ाना है। डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली के अध्यक्ष पद्मश्री पूनम सूरी, निदेशक पीएस डॉ वीर सिंह, निदेशक एकेडमिक डॉ निशा पेसिन, एआरओ, झारखंड जोन एच डॉ प्रबीर हाजरा को उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के लिए धन्यवाद भी दिया।

# रक्तदान जीवनदान के समान होता है: धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया है। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज मिश्रा पिछले 10 वर्षों से रक्तदान को लेकर रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। अपने सहयोगियों के माध्यम से पलामू, गढ़वा, लातेहार, रांची, बोकारो, चतरा, रामगढ़, धनबाद सहित झारखंड के अन्य जिलों में रक्तदान कराकर सैकड़ों लोगों की जान बचा चुके हैं। धीरज ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इसे बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। रक्तदाता दिवस मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में की थी। कहा कि रक्त के बिना शरीर हाड़ मांस का ढांचा है। शरीर के सुचारू संचालन के लिए खून की जरूरत होती है। खून की कमी को पूरा कर जीवन की रक्षा रक्तदान के जरिए की जा सकती है। इस कारण लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है, ताकि एक स्वस्थ व्यक्ति रक्त के जरूरतमंद को रक्तदान कर उसका जीवन बचा सके।

# विमान हादसे के मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** आरापुर महुगाईं स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शोकसभा आयोजित कर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि इस हृदयविदारक दुर्घटना से पूरा देश मर्माहत है। शोक सभा में प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी आदि मौजूद थे।

# विमान हादसे को लेकर किड्स जोन स्कूल में शोक सभा आयोजित

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री सहित 241 यात्रियों और ट्रेनी चिकित्सकों के आकस्मिक निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। इस दुर्घटना को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रखंड के किड्स जोन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के निदेशक कामरान खान एवं शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिवार ने दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। निदेशक ने कहा कि यह हादसा न केवल गुजरात, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में रानी, रिया, अमिश जैद, फरहान, मीनाक्षी, लवकुश और अरमान आदि शामिल हैं।

## गुरु हरगोबिंद साहिब की जयंती पर पर्यावरणविद ने दो स्थानों पर किया पौधरोपण

# परोपकार के लिए ही धरा पर आते हैं संत, सरोवर एवं तरुवर : डॉ कौशल

- कहा- प्रकृति से केवल लेने का ही नहीं, देने की परंपरा को भी करना होगा विकसित
- अब गूगल भी बताएगा पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर की विस्तृत जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता


वृक्षों पर राखी बांधते वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल एवं शिक्षिका।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के पिपरा प्रखंड के चपरवार रिद्धि सिद्धि प्लांट और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में गुरुवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत कन्या पूजन एवं पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ की। इस मौके पर उन्होंने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम, चंदन, अमरूद, कटहल, कदम, महोगनी, गोल्ड मोहर आदि के पौधे रिद्धि सिद्धि प्लांट और कस्तूरबा विद्यालय परिसर में रोपण किया। साथ ही समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। इस अवसर पर डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी। कहा कि भीषण गर्मी, बढ़ती प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो सरकार जितने भी उद्योग है सभी के चिमनियों एवं वाहनों के साइलेंसर को क्रमशः वाष्प चिमनी और वाष्प साइलेंसर बनाने की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाने से नहीं प्रदूषण पैदा करने वाले यंत्र को भी रोकना होगा। कहा कि सभी लोग अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को भी जीवन में उतारे तभी जलवायु परिवर्तन रोक पाएंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वार्डेन रेणुका पांडेय ने कहा कि विद्यालय परिसर में पर्यावरणविद डॉ कौशल द्वारा इसके पहले भी लगाए गए हैं। वे सभी पौधे आज वृक्ष होकर फूल फल दे रहे हैं। वहीं, संचालन कर रही सहायक वार्डेन अनिता कुमारी ने भी डॉ कौशल की सराहना की। पंचायत डाली बाजार के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी और जुबेर अंसारी ने कहा कि डॉ कौशल द्वारा पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर में पार्क विकसित कर दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण कराया गया है। जहां घूमने के लिए लोगों का तांता लगा रहता है, क्योंकि पार्क में कई देशों के विलुप्त प्रजाति के पौधे लगे हैं। इसकी जानकारी गूगल से लेकर वहां पहुंच रहे हैं। मौके पर प्रमोद सिंह, सोनू सिंह, शिक्षिका संध्या कुमारी, सावित्री कुमारी, अनुपमा शर्मा, मोनिका धान, छात्रा शांति कुमारी, निशा कुमारी आदि मौजूद थीं।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

शुद्धिपत्र

PR 354200 Lohardaga(25-26).D द्वारा प्रकाशित मैश फीड की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को मैश फीड आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित है। (i) विक्रेता द्वारा अधिकृत प्रमाण पत्र (Authorization Cartificate) जमा करने होगें। (ii) काली सूची में नहीं दर्ज है, प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। (iii) सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित संलग्न करना होगा। मैश फीड की शेष कंडिका यथावत रहेगी। दिनांक 20.06.2025 को निविदा डालने का समय 10:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 11:00 बजे पूर्वा0 जिला परिषद लोहरदगा के सभागार में निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 354943 Lohardaga(25-26).D

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : 703(समग्र) दिनांक: 12.06.2025

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
विज्ञापन संख्या :–01/2025
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या RS/15/01/2022-23/3863 दिनांक 10.10.2023 एवं RS/15/01/2022-23/1701 दिनांक 05.05.2025 के आलोक में जिला में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी **महिला/पुरूष अभ्यर्थियों** से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए **विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 03.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे** तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, सिमडेगा–835223 में आमंत्रित किए जाते हैं। जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है –:

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) (वर्ग– 9 एवं 10 के लिए) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह–जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान)** | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान **(विषय समूह–भौतिकी विज्ञान एवं गणित)** (वर्ग– 9 एवं 10 के लिए) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ– (आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी) | 02 | 01 | . | . | . | 01 | 02 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 01 | 01 | . | . | . | . | 01 |
| 12 | सहायक रसोईया | 03 | 02 | . | . | . | 01 | 03 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते अहर्त्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक बेवसाईट www..simdega .nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 354929 (Simdega)25-26*D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा।
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

Industrial Training Institute

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया एवं किशनपुर(LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0,सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission tab) आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 40 | आठवीं पास/ मैट्रिक पास |

02. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर, (LWE) चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 02 | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |

03. ऑनलाईन करने की संशोधित तिथि:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 22.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 25.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 26.06.2025 से 28.06.2025 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 30.06.2025 |

04. डी0जी0टी0 के पत्रांक:–**DGT-MIS011/1/2025-0/o DIR(TC)[71015]**, दिनांक:–08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा **NTC** उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
**DGT** का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के **Download Section** के **Notification** Tab में देखा जा सकता हैं।

04. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड **ITI Webportal** (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/ **Download** किया जा सकता हैं।

05. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु **ITI Webportal** के **Grievance Section** में टिकट **Raise** किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर–**7870647337 / 9798015794 / 9661568235** पर सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/**Download** किया जा सकता हैं।

**नोट:– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा मे सम्पर्क कर सकते है।**

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा

PR 354969 Labour Employment and Traning(25-26)#D

## बसिया में वृद्ध महिला की टांगी से काटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है, जहां पर आपसी विवाद में ही रिश्तेदार ने एक 72 वर्षीय वृद्ध महिला की टांगी से कटकर निर्मम हत्या कर दी। प्राप्त सूचना के अनुसार बसिया थाना अंतर्गत रामजड़ी तेतर टोली निवासी 72 वर्षीय झिबल उराइन पति स्वर्गीय सोहराई उरांव की निर्मम हत्या उसके ही रिश्तेदार बिरसा उरांव ने टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। जिसकी सूचना शुक्रवार को ग्रामीणों के द्वारा बसिया पुलिस को दी गयी। बसिया पुलिस मौके वारदात पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं हत्या के कारण का पता लगाने के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# ट्रेलर ने करकरी गांव के सदर को रौंदा, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो/ गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 जुरा गांव में सुबह 7:30 बजे भीषण सड़क दुर्घटना में सिसई करकरी टंगराटोली निवासी कासिम अंसारी पिता स्वः सुभान अंसारी उम्र लगभग 55 वर्ष को रांची की ओर से आ रही ट्रेलर ने रौंद दिया जिससे कासिम अंसारी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कासिम अंसारी (55) सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत करकरी गांव के सदर थे। अहले सुबह अपने व्यापारिक काम से भरनो थाना क्षेत्र आये हुए थे लौटने के क्रम में अत्यधिक रफ्तार से आ रही ट्रेलर ने एनएच 23 रांची गुमला मार्ग जुरा



गांव में अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर भरनो थाना पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आयी। जैसे ही करकरी गांव में मृतक सदर कासिम अंसारी की मृत्यु की सूचना मिली गांव के सैकड़ो लोग एवं परिजन जुरा पहुंचकर मुआवजा की मांग को लेकर गुमला रांची मार्ग एनएच 23 को 2 घंटे जाम कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, अली सहित कई स्थानीय लोग पहुंचे। जनप्रतिनिधियों के समझाने बुझाने के उपरांत तीन सूत्री मांग पर सहमति बनी। जिसमें मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी और तत्काल मृतक के परिजनों को तीन लाख की सहायता राशि एवं वाहन मालिक के द्वारा 2 लाख का मुआवजा साथ में मृतक के परिजन को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की लिखित मांग पत्र अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर को सौंपी गयी। तत्काल अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को अंचल अधिकारी भरनो अविनाश कुजूर के द्वारा दस हजार की सहायता राशि दी गयी। वहीं प्रशासन ने समझा बूझकर जाम को खुलवाया। शव पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। मौके पर भरनो थाना सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, एसआइ विजय लकड़ा, एसआइ अमोद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# कांसीर बाजार में चार लाख की लूट, व्यवसायी को मारी गोली

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर साप्ताहिक बाजार में धान खरीद बिक्री करने गये तिर्रा हंसलता निवासी व्यापारी 30 वर्षीय राजकुमार साहू को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे लुटपाट कर गोली मार दी।



**तीन बाइक में सवार हो कर आए थे 9 अपराधी :** बताया जा रहा है कि 3 बाइक में सवार 9 अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दे कर मौके से भाग निकले। बताया जाता है कि व्यापारी से पैसो से भरा झोला लुटकर अपराधी भाग निकले। व्यपारी को एक गोली पेट में लगी जबकि एक गोली पेट को छूते हुए निकल गई। मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।

**4 लाख रुपए से भरी थैली लूट कर भाग गये अपराधी :** बताया जा रहा है कि राजकुमार साहू के पास 4 लाख रुपए थे जिसको अपराधी लेकर फरार हो गए वही थैली में रखा एक मोबाइल भी अपराधी लेते गए। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल राजकुमार को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव भी सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। घायल के साथ रायडीह थाना की पुलिस भी रांची गयी। इधर बताया जाता है कि पूर्व में भी अपराधियों ने व्यापारी से लेवी की मांग की थी और एक वर्ष पूर्व लूटपाट का प्रयास किया गया था जिसके बाद धान व्यापारी दहशत में था।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत पतुरा गांव मे बृहस्पतिवार रात्रि करीब 9 बजे एक बाइक सवार ने स्थानीय पतुरा निवासी 55 वर्षीय सोमरा लोहरा नामक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक सोमरा लोहरा का बेटा बबलु लोहरा ने बताया की बृहस्पतिवार करीब रात 9 बजे घर आने समय पिताजी रोड क्रॉस कर रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही मेरे पिताजी की मौत हो गयी। वहीं शुक्रवार सुबह घटना की पूरी जानकारी बसिया थाना को दी गयी। इसके बाद मृतक के शरीर को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। और बसिया पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## वेतन और इंसेंटिव रोकने को लेकर बीपीएम के विरुद्ध स्वास्थ्य कर्मियों का हंगामा



